दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 22 सितम्बर -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 343 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










# स्मार्ट पाठकों का स्मार्ट अखबार



## ई-पेपर की विशेषताएं

- फोन की स्टोरेज पर नहीं पड़ेगा कोई असर
- अखबार की पीडीएफ बनाने की सुविधा
- कलेंडर से प्राप्त करें पुरानी तारीख का अखबार
- खबर को सेव और क्रॉप करने का ऑप्शन
- खबर को सोशल मीडिया पर शेयर करने की सुविधा

रोजाना सुबह सोशल मीडिया के प्रमुख प्लेटफॉर्म पर अखबार का लिंक हो रहा है फॉरवर्ड

**जब एक क्लिक पर खुले आपका करंट क्राइम अखबार तो फिर एमबी का बोझ क्यों करे आपका स्मार्ट फोन स्वीकार**

https:// epaper.currentcrime.com/view/106/current-crime

# अब 3डी मेटावर्स पर भी दिखेंगी लखनऊ-प्रयागराज की गलियां

## प्रदेश के 100 स्थलों का ऑडियो टूर भी होगा संभव



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को पर्यटन के लिहाज से देश के 'मोस्ट फेवर्ड डेस्टिनेशन' के तौर पर प्रोजेक्ट कर रही योगी सरकार अब आभासी दुनिया के जरिए भी पर्यटकों को प्रदेश के विभिन्न स्थलों का टूर कराने की दिशा में कार्य कर रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, 3डी मेटावर्स प्लेटफॉर्म पर लखनऊ व प्रयागराज के 1500 लैंडमार्क्स का 360 पैनोरमिक डाटा संकलित किया जाएगा। इसके बाद इन सभी जानकारियों को तथा जियो रेफरेंस मैप्स को मेटावर्स इंटीग्रेटेड सिस्टम से जोड़ा जाएगा और 3डी इनेबल्ड वेब व मोबाइल ऐप का निर्माण किया जाएगा। यह प्लैटफॉर्म पर्यटकों को वर्चुअल टूर उपलब्ध कराने का माध्यम बनेगा।

### ऑडियो टूर पोर्टल के जरिए प्रदेश के 100 प्रमुख स्थलों पर उपलब्ध होगी सुविधा

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग क्यूआर कोड इनेबल्ड ऑडियो टूर पोर्टल का भी विकास करने जा रही है जिसमें प्रदेश के 100 प्रमुख स्थलों पर ऑडियो टूर की व्यवस्था उपलब्ध करायी जाएगी। इस क्रम में प्रयागराज के पब्लिक लाइब्रेरी, इलाहाबाद म्यूजियम, चंद्रशेखर आजाद पार्क, हनुमान मंदिर समेत 19 स्थलों को इस प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा। इसी प्रकार, अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि व हनुमानगढ़ी समेत 8 स्थानों, वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर समेत 8 स्थलों, श्रावस्ती के अंगुलीमाल स्तूप समेत छह स्थलों, कपिलवस्तु के स्तूप, कुशीनगर के महापरिनिर्वाण मंदिर समेत 4 स्थल, लखनऊ के बड़ा इमामबाड़ा समेत कुल 13 स्थलों पर भी यह सुविधा उपलब्ध होगी।

# राजनाथ सिंह ने झारखंड में परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की

## बोले- हेमंत सोरेन को सत्ता से हटाने वक्त आ गया है



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज झारखंड में हैं। झारखंड के चतरा में उन्होंने भाजपा के परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारत की स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रथाओं के साथ खिलवाड़ किया और भ्रष्टाचार में लिप्त रहे। उन्होंने कहा कि भारत किसी भी दागी व्यक्ति को कभी स्वीकार नहीं करेगा। झारखंड में हेमंत सोरेन को सत्ता से हटाने और भाजपा को सत्ता में लाने का वक्त आ गया है। विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि झारखंड के विकास की राह में तीन रोड़े हैं - झामुमो, कांग्रेस और राजद।

राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने विदेश में भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश की और सिखों को उकसाया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाजपा झारखंड में आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग मेहनत करने में कभी पीछे नहीं हटते। मैं रक्षा मंत्री हूं और मैं देखता हूं कि हमारे झारखंड के भाई-बहन, हमारे आदिवासी भाई-बहन सुरक्षा बलों में हैं। वे अत्यंत साहस के साथ देश की सेवा कर रहे हैं। झारखंड में विकास की काफी संभावनाएं हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास राज्य के सीएम रहे, लेकिन उन्हें झारखंड के विकास के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला। उन्होंने कहा कि चाहे बाबूलाल मरांडी हों, अर्जुन मुंडा हों या रघुवर दास हों - किसी भी भ्रष्टाचार को लेकर उन पर कोई उंगली नहीं उठा सकता। हमारा कोई भी मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल नहीं गया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा की तैयारियां जोरो पर हैं, प्रधानमंत्री के दौरे से जनता में उत्साह है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा के साथ-साथ हम चुनाव अभियान की तैयारी भी कर रहे हैं। हम जो कहते हैं वह करते हैं। हम 100 दिन काम जनता के सामने पेश कर रहे हैं।

**राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने विदेश में भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश की और सिखों को उकसाया। भाजपा झारखंड में आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं करेगी।**

# शाह बोले- फारूक ही जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद लाए:90 के दशक में यहां के आका पाकिस्तान से डरते थे



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। आज यहां उन्होंने मेंढर, थानामंडी, राजौरी, अखनूर और पुंछ के सूरनकोट में पांच चुनावी रैलियां कीं। मेंढर में उन्होंने कहा- 90 के दशक में फारूक की मेहरबानी से आतंकवाद आया। तब यहां बहुत गोलीबारी होती थी, क्योंकि यहां के आका पाकिस्तान से डरते थे।

अब पाकिस्तान नरेंद्र मोदी से डरता है। पाकिस्तान की हिम्मत नहीं है कि वह गोलीबारी करे। अगर गोलीबारी की तो मोदी गोली का जवाब गोले से देंगे। ये चुनाव जम्मू-कश्मीर में तीन परिवारों का शासन खत्म करने वाला चुनाव है। तीनों परिवारों ने पूरे जम्मू-कश्मीर में 90 के दशक से 2014 तक दहशतगर्दी फैलाई। 40 हजार युवा मारे गए।

शाह का 5 दिन में यह दूसरा दौरा है। इससे पहले 16 सितंबर को उन्होंने पाड्डुर नागसेनी, किश्तवाड़ और रामबन में जनसभा की थी।

# एससी-एसटी वाले बयान पर राहुल गांधी की बढ़ी मुश्किलें, बीजेपी ने बेंगलुरु में दर्ज कराई शिकायत




**कर्नाटक।** कर्नाटक भाजपा ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ बेंगलुरु के हाई ग्राउंड पुलिस स्टेशन में उनकी हालिया अमेरिका यात्रा के दौरान सिख समुदाय के खिलाफ की गई 'घृणित' टिप्पणी के लिए शिकायत दर्ज की। राज्य पार्टी इकाई ने 'एससी, एसटी और ओबीसी को निशाना बनाकर विभाजनकारी और उत्तेजक टिप्पणी करने' के लिए कांग्रेस नेता के खिलाफ जांच की भी मांग की। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने शिकायत की पुष्टि की और सिख समुदाय को 'निंदा' करने और 'हम आरक्षण हटा देंगे' टिप्पणी करने के लिए गांधी की आलोचना की।

अमित मालवीय ने लिखा कि राहुल गांधी के हम आरक्षण हटा देंगे वाले बयान से एससी, एसटी और ओबीसी समाज बहुत नाराज है। हरियाणा चुनाव में इस बयान की गूंज दूर तक सुनाई दे रही है। कुमारी शैलजा के साथ लगातार हो रहे अपमान पर राहुल गांधी की चुप्पी और भूपेन्द्र हुड्डा के षड्यंत्र से दलित समाज आहत और आक्रोशित है। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि कर्नाटक में राहुल गांधी के खिलाफ उनकी घृणित टिप्पणी, सिख समुदाय को बदनाम करने और 'हम आरक्षण हटा देंगे' टिप्पणी के लिए एफआईआर दर्ज की गई।

मालवीय ने लिखा कि विपक्ष के नेता की विभाजनकारी टिप्पणियों के खिलाफ एससी, एसटी, ओबीसी और सिख समुदाय एकजुट हैं। जब तक भाजपा है, राहुल गांधी एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण समाप्त करने की अपनी आपराधिक योजना में कभी भी सफल नहीं होंगे। कभी नहीं। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को राहुल गांधी की हाल की अमेरिकी यात्रा के दौरान आरक्षण पर की गई टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ दिल्ली में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पंजाबी बाग, तिलक नगर, पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशनों में दर्ज की गई थी। इसके अलावा एक शिकायत बीजेपी ने राहुल गांधी के खिलाफ मध्य प्रदेश में दर्ज कराई है।

# 'राहुल गांधी के खिलाफ हुई अपमानजनक टिप्पणियां', खड़गे बोले- भाजपा और आरएसएस के खिलाफ आंदोलन शुरू करेगी कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जम्मू-कश्मीर में भाजपा और आरएसएस पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा और आरएसएस ने राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की है और कांग्रेस इस जहरीली मानसिकता के खिलाफ आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को राजनीति से हटाने के लिए जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन जरूरी था। उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि कांग्रेस आरक्षण का पूरा समर्थन करती है और समर्थन करती रहेगी।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने जम्मू कश्मीर में शांति, विकास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणियों पर सवाल उठाते हुए पूछा कि आतंकवाद की घटनाएं क्यों हो रही हैं। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह प्रचार के समय बड़ी-बड़ी बाते करते हैं, बाद में कह देते हैं कि ये तो चुनावी जुमले थे। भाजपा कह रही है कि 5 लाख नौकरी देंगे। ऐसे में सवाल है कि आप तो सरकार में हैं, तो फिर नौकरी क्यों नहीं दी। लेकिन कांग्रेस जो कहती है, वो करती है.. इसलिए हम 1 लाख पदों पर भर्ती करेंगे।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 35% बेरोजगारी है और 65% सरकारी पद यहां खाली हैं। भाजपा के पास बहुत समय था, उनके एलजी के पास पॉवर भी थीं, लेकिन उन्होंने खाली पद नहीं भरे। पहले यहां लोगों को 11 किलो अनाज मिलता था, भाजपा ने उसे काट करके 5 किलो कर दिया। कांग्रेस सरकार में आते ही खाली पदों को भरेगी और 11 किलो राशन देगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह हमेशा जुमले बनाते हैं और उन्हीं पर वोट मांगते हैं। उन्होंने दावा किया कि हमने मनरेगा योजना शुरू की, देश के किसानों की कर्जमाफी की, जनता के लिए फूड सिक्योरिटी एक्ट लाए, बेहतर शिक्षा के अवसर बनाए, गरीबों के उत्थान के लिए काम किया। कांग्रेस पार्टी हमेशा से देश और जनता के लिए काम करती आई है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमने सात गारंटियों की घोषणा की है। इसमें हमारा पहला मुद्दा जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने का है। उन्होंने कहा कि हर परिवार का 25 लाख का बीमा देंगे। हर जिले में अस्पताल, परिवार की मुखिया महिला को हर महीने 3000 रुपए दिए जाएंगे। स्वयं सहायता समूह को बिना ब्याज के लोन देंगे। कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास की व्यवस्था लागू करेंगे। पिछड़े वर्ग को पूरा हक मिलेगा। उन्होंने कहा कि उनका कोई एजेंडा नहीं है।

बीजेपी और आरएसएस के नेता हमेशा कांग्रेस नेताओं की जीभ काटने की बात करते हैं। बीजेपी के विधायकों और सांसदों ने कहा 'आपका भी वही हाल होगा जो आपकी दादी का हुआ है'। उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही?.राहुल गांधी को भी आतंकवादी कहा गया। कांग्रेस पार्टी नहीं डरेगी।

# एमबीबीएस दाखिलों में स्थानीय आरक्षण से संबंधित तेलंगाना उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को तेलंगाना उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया था कि स्थायी निवासियों या राज्य के मूल निवासियों को केवल इसलिए राज्य के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता क्योंकि वे तेलंगाना के बाहर अध्ययन या निवास करते हैं।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राज्य सरकार की अपील पर नोटिस जारी किया और उच्च न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुए याचिकाकर्ता कल्लूरी नागा नरसिम्हा अभिराम से जवाब मांगा।

हालांकि, राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत के समक्ष उन याचिकाकताओं कोएक बार छूट देने पर सहमति व्यक्त की, जिन्होंने उच्च न्यायालय का रुख किया था। तेलंगाना की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत को आश्वासन दिया कि उच्च न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने वाले 135 छात्रों को अपवाद स्वरूप एक बार छूट दी जाएगी।

पीठ ने कहा, अगली सुनवाई तक, तेलंगाना सरकार द्वारा दिए गए उपरोक्त बयान पर पूर्वाग्रह के बिना, उच्च न्यायालय के पांच सितंबर, 2024 के आदेश पर रोक रहेगी। शीर्ष अदालत उच्च न्यायालय के पांच सितंबर के आदेश को चुनौती देने वाली तेलंगाना सरकारी की अपील पर सुनवाई कर रही थी।

# तिरुपति लड्डू विवाद: केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने की सीबीआई जांच की मांग



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को विश्व प्रसिद्ध तिरुपति लड्डू की तैयारी में घटिया सामग्री और पशु चर्बी के कथित इस्तेमाल की सीबीआई जांच की मांग की। आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि गुजरात स्थित पशुधन प्रयोगशाला द्वारा मिलावट की पुष्टि की गई है।

उन्होंने कहा कि मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए और एजेंसी को यह पता लगाना चाहिए कि टीटीडी (तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम), जिसकी संपदा 20,000 करोड़ रुपये है, ने प्रसादम बनाने के लिए घी खरीदने पर कितना खर्च किया है? यह सिर्फ घोटाला ही नहीं बल्कि हिंदू धर्म को नष्ट करने की साजिश भी है। तेदेपा प्रवक्ता अनम वेंकट रमण रेड्डी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कथित प्रयोगशाला रिपोर्ट दिखाई, जिसमें दिए गए घी के नमूने में गोमांस की चर्बी की मौजूदगी की पुष्टि की गई थी। कथित प्रयोगशाला रिपोर्ट में नमूनों में लार्ड (सूअर की चर्बी) और मछली के तेल की मौजूदगी का भी दावा किया गया है। नमूने लिये जाने की तारीख नौ जुलाई, 2024 थी और प्रयोगशाला की रिपोर्ट 16 जुलाई की थी।

## न्यूज डायरी

### एसआरएम में सेमीकंडक्टर उपकरण व सर्किट निर्माण पर हुई कार्यशाला



**मोदीनगर करंट क्राइम।** दिल्ली मेरठ मार्ग स्थित एसआरए संस्थान में सेमीकंडक्टर उपकरणों व सर्किट निर्माण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्थान प्रांगण में आयोजित कार्यशाला का शुभारम्भ वरुण भाटिया, डॉ0 संजय विश्वनाथन, आरपी महापात्रा, नवीन अहलावत व एनएम मिश्रा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया। इस मौके पर वरुण भाटिया ने सेमीकंडक्टर उपकरणों व सर्किट निर्माण के महत्व के बारें छात्रों को जानकादी दी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस क्षेत्र में भारत उन्नति करेंगा। उन्होने कहा कि छात्रों को हमेशा नई तकनीकि के सम्पर्क में रहना चाहिए। इस मौके पर बलजीत कौर, स्पर्श जिंदल, प्रियंका जैन ने भी अगली पीढ़ी के नैनोमेटेरियल संश्लेषण और एकीकरण के बारे में जानकारी दी।

### छात्रों ने निकाली स्वच्छता रैली



**मोदीनगर करंट क्राइम।** डॉ0 केएन मोदी साइंस एंड कामर्स के छात्रों ने शनिवार को स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान छात्रों ने लोगों को स्वच्छ रहने का संदेश दिया। रैली को कॉलेज के प्रधानाचार्य एससी अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली कॉलेज परिसर से शुरू होकर दिल्ली मेरठ मार्ग पर बस स्टैण्ड, गुरुद्वारा रोड, सौंदा रोड, राज चैपला से होते हुए शहीद स्थल पर समाप्त हुई। इस दौरान छात्रों ने अपने हाथ में स्वच्छता का संदेश देने के लिए स्लोगन की तख्ती ले रखी थी। इस मौके पर एनसीसी अधिकारी प्रवीण जैनर, कमान अधिकारी कर्नल पीके सिंह, अम्बरीश कुमार, शिवानी, दीपांशु सैनी, विजय कुमार, समीर, विपिन, गौरव त्यागी, राजीव सिंह सहित अन्य शिक्षक मॉजूद रहें।

### विवाहिता ने लगाया सास-ससुर पर धर्म परिवर्तन करने के दबाव का आरोप

**मोदीनगर करंट क्राइम।** एक विवाहिता ने अपने सास ससुर व भतीजे पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। धर्मांतरण से इंकार करने पर विवाहिता को परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़िता ने इस संबंध में उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि यदि हमने जल्द उनकी बात नहीं मानी तो वह हमारे परिवार का मर्डर भी कर सकते है। उपजिलाधिकारी पूजा गुप्ता का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### राष्ट्रहित व विकास के लिए भाजपा की सदस्यता जरूरी : लाल सिंह आर्य



**मोदीनगर करंट क्राइम।** भाजपा के सदस्यता अभियान में पंहुचे अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य व प्रदेशाध्यक्ष रामचन्द्र मौर्य ने कहा कि राष्ट्रहित वच विकास के लिये भाजपा की सदस्यता जरूरी है। यहां पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली के नेतृत्व में आयोजित भाजपा सदस्यता अभियान में हिस्सा लेने पंहुचे भाजपा अनुसचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने बोलते हुये कहा कि कांग्रेस ने अपने 70 सालों के कार्यकाल में दलितों व पिछड़ों के अधिकारों का हनन किया हैं। इस दौरान भाजपा विधायक डॉ0 मंजू शिवाच, पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंहल, स्वदेश जैन, नवीन जायसवाल सहित अनेक भाजपाई मौजूद रहे।

### शिवरंजिनी कल्चरल क्लब द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



**मोदीनगर करंट क्राइम।** गिन्नी देवी मोदी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ0 पूनम शर्मा के निर्देशन में भारत के पुन :उतत्थान में युवाओ की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन शिवरंजिनी कल्चरल क्लब के तत्वाधान में क्लब प्रभारी डॉ0 आकांक्षा सारस्वत व सहप्रभारी डॉ0 सारिका गर्ग द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि व वक्ता भारतीय प्रज्ञान परिषद के केंद्रीय व प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य प्रो0 सदानंद सप्रे व अन्य अतिथिवक्ता रहे। डॉ0 एके गाँधी, डॉ0 अविनाश व डॉ0 अवधेश ने भारत्त की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में बताते हुऐ भारत के सभी युवा शक्ति से राष्ट्र के उत्तथान में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ0 आकांक्षा सारस्वत ने किया। डॉ0 ऋषिका पाण्डेय, सुश्री एश्वया बहुगुणा, मधुलिका, शालू तिवारी, राखी शर्मा, खुशबु त्यागी, गार्गी, ज्योति, शिवानी, फरहा, अवनि आदि व शिक्षिकाओं व छात्राओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# न्याय की मांग को लेकर 42 किलोमीटर लंबी मशाल रैली में हजारों लोग सड़कों पर उतरे



**कोलकाता।** शुक्रवार को हजारों नागरिकों ने कोलकाता में हिलैंड पार्क से श्यामबाजार चौराहे तक रिले मशाल रैली निकाली - लगभग 42 किलोमीटर की दूरी तय की - पिछले महीने शहर के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में बलात्कार और हत्या की शिकार हुई प्रशिक्षु डॉक्टर के लिए न्याय की मांग की।

कई डॉक्टर, स्वयंसेवी संस्थाओं और दिव्यांग लोगों के संगठनों के सदस्य, कार्टूनिस्ट, आईटी पेशेवर, वैज्ञानिक और प्रोफेसरों ने इस रैली में भाग लिया। यह रैली शाम 4 बजे शुरू हुई और आधी रात के आसपास समाप्त हुई। इस रैली में चिर प्रतिद्वंद्वी फुटबॉल क्लब मोहन बागान और ईस्ट बंगाल ने भी भाग लिया।

अधिकारियों के अनुसार, मशाल जुलूस रूबी क्रॉसिंग, वीआईपी बाजार, साइंस सिटी, चिंगरीघाटा से गुजरा और बेलेघाटा बिल्डिंग मोड़, मलिक बाजार, एनआरएस मेडिकल कॉलेज और एसएसकेएम अस्पताल से होते हुए शहर के उत्तरी हिस्से में श्यामबाजार में समाप्त हुआ।

जुलूस के दौरान लोग हाथ में जलती हुई मशालें लिए हुए थे और पीड़िता के साथ एकजुटता में नारे लगा रहे थे। कई लोग तिरंगा और अपने मोबाइल की फ्लैशलाइट लहराते भी देखे गए। ₹न्याय में देरी न्याय से इनकार करने के समान है। हम शीघ्र सुनवाई और न्याय चाहते हैं। रैली में शामिल हुए लोगों में से एक ने कहा, दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए और अभया (पीड़िता का दिया गया नाम) को न्याय मिलना चाहिए।

एक अन्य रैली में शामिल सेवानिवृत्त स्कूल शिक्षक ने पीटीआई को बताया, अपनी बीमारी के बावजूद, मैं अपने तीसरे मंजिल के अपार्टमेंट से नीचे आकर जुलूस में शामिल लोगों से मिलने से खुद को रोक नहीं सका। मैं उनकी लड़ाई में सफलता की कामना करता हूँ। वह डॉक्टर मेरी पोती की तरह थी। किसी और पोती को ऐसा भयानक हश्र न मिले।

### डॉक्टरों ने वापस ली हड़ताल

जूनियर डॉक्टरों ने शुक्रवार शाम को अपनी काम बंदी वापस ले ली और शनिवार से सरकारी अस्पतालों में आवश्यक सेवाएं देने के लिए आंशिक रूप से ड्यूटी पर लौटने की घोषणा की। डॉक्टरों ने 42 दिनों से जारी गतिरोध को समाप्त करते हुए राज्य स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय से सॉल्ट लेक स्थित सीबीआई कार्यालय तक मार्च निकालने के बाद अपनी हड़ताल वापस ले ली। वे स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय पर एक हफ्ते से अधिक समय से प्रदर्शन कर रहे थे। जुलूस स्वास्थ्य भवन से शुरू हुआ और चार किलोमीटर की दूरी तय करके सीजीओ कॉम्प्लेक्स पर समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच जल्द पूरी करने की मांग की गई।

# 'चुनाव के दौरान नहीं होनी चाहिए जाति की बात', नितिन गडकरी बोले- होना चाहिए सभी का कल्याण



**नई दिल्ली।** देश में जाति को लेकर हो रही राजनीति के बीच केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का बड़ा बयान सामने आया है। नितिन गडकरी पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि मैं पिछले कई वर्षों से राजनीति कर रहा हूं और समाज सेवा ही करता हूं। मैं राजनीति में अपने विश्वासों से कभी समझौता नहीं करता। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान विभिन्न जाति और धर्म के लोग मुझसे मिलने आये। मैंने खुले तौर पर कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी जाति या धर्म से महान नहीं होता। व्यक्ति अपने गुणों से महान होता है। गडकरी ने आगे कहा कि हमारे संतों ने हमें सिखाया है कि समाज से जाति, धर्म, ऊंच-नीच के सभी भेदभाव को समाप्त करना होगा और सामाजिक और आर्थिक समानता स्थापित करनी होगी। इसलिए मैं किसी के दबाव में नहीं आता। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सभी का कल्याण होना चाहिए लेकिन चुनाव के दौरान जाति की बात नहीं होनी चाहिए। इससे पहले नितिन गडकरी ने राजनीति में जाति के इस्तेमाल पर नाराजगी जताई थी और कहा था कि जो राजनेता अपने काम के आधार पर चुनाव नहीं जीत सकते, वे इस बारे में बात करते हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि दुर्भाग्य से हर किसी में खुद को पिछड़ा साबित करने की होड़ लगी हुई है। आज हमारी समस्या जाति और समुदाय नहीं है- गरीबी, भुखमरी और बेरोजगारी है। सुशासन और सही नीतियों के आधार पर हम गरीबों, किसानों, गांवों में रहने वालों, हाशिये पर पड़े लोगों की सेवा कैसे कर सकते हैं, इसी पर भाजपा काम करती है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 22 सितम्बर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनीं आतिशी

## सीएम पद एवं गोपनीयता की ली शपथ




**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने आज दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही वह दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बन गई हैं। इससे पहले सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित यह पद संभाल चुकी हैं। आपको बता दें कि आतिशी दक्षिण दिल्ली की कालकाजी विधानसभा सीट से विधायक हैं। आतिशी के साथ उनकी कैबिनेट के पांच मंत्रियों ने भी शपथ ली। इन मंत्रियों के नाम गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज, इमरान हुसैन और नया चेहरा मुकेश अहलावत हैं।

राज्यपाल ने सबसे पहले मुख्यमंत्री आतिशी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद एक-एक कर कैबिनेट के अन्य मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की। कैबिनेट मंत्रियों में सबसे पहले मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शपथ ग्रहण की उसके बाद पार्टी के वरिष्ठ मंत्री गोपाल राय ने और इसके बाद एक-एक कर कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन, मुकेश अहलावत ने शपथ ग्रहण की। कैबिनेट में शामिल मंत्रियों में कालकाजी से विधायक आतिशी, सुल्तानपुर माजरा से मुकेश अहलावत, नजफगढ़ से विधायक कैलाश गहलोत, ग्रेटर कैलाश से विधायक सौरभ भारद्वाज, बल्लीमारान से इमाम हुसैन और बाबरपुर से विधायक गोपाल राय हैं।

**पार्टी का नया दलित चेहरा मुकेश अहलावत :** मुकेश अहलावत आतिशी सरकार में मंत्री बनने वाले नए चेहरे हैं। इससे पहले की केजरीवाल सरकार में वो कैबिनेट का हिस्सा नहीं थे। मुकेश दिल्ली की सुल्तानपुर माजरा सीट से विधायक हैं। ये पार्टी का दलित चेहरा हैं। इसलिए जानकारों का मानना है कि पार्टी ने दलित वोटरों को साधने के लिए मुकेश अहलावत पर दांव लगाया है, क्योंकि पार्टी के दो बड़े दलित चेहरे राजकुमार आनंद और राजेंद्र पाल गौतम इस्तीफा दे चुके हैं। इसलिए पार्टी में दलितों का समर्थन जुटाने के लिए कोई चेहरा नहीं था। इसी के साथ कयास लगाए जा रहे हैं कि उन्हें सामाजिक न्याय विभाग की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

# गालंद के कूड़ा प्लांट को जल्द मिल सकता है संचालन वाला आदेश

## समीक्षा बैठक में शिकायतों के ऑनलाइन निस्तारण से असंतुष्ट दिखे प्रभारी मंत्री



**गाजियाबाद, करंट क्राइमः** शनिवार को महापौर सुनीता दयाल ने उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण की समीक्षा बैठक में कहा है कि गालंद में बनने वाले डंपिंग ग्राउंड के मुद्दे को लेकर महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि गाजियाबाद और आसपास के हापुड़ जिले के साथ ही कई नगर पालिकाओं का कूड़ा निस्तारण का मामला बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कूड़ा

### आरटीई के दाखिलों को लेकर हासिल की जानकारी

निस्तारण न होने की वजह से गाजियाबाद में आए दिन परेशानी पैदा होती है। वहीं प्रभारी मंत्री के सामने आईजीआरएस ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने वालों में जिन लोगों द्वारा असंतोषजनक फीडबैक मिलने पर नाराजगी जताई गई है। वहीं बैठक में बुलाए गए लोगों के मामले को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा की क्यों शिकायत करता संतुष्ट नहीं है। इस संबंध में अधिकारियों द्वारा भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया है।

मंत्री असीम अरुण ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया है की शिकायत ऑनलाइन-ऑफलाइन आपके पास आती है, उसका पूर्ण रूप से गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से महापौर सुनीता दयाल, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच, विधायक धर्मेश तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, भाजपा अध्यक्ष महानगर संजीव शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष, पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स, नगर आयुक्त विक्रामादित्य सिंह मलिक और सीडीओ अभिनव गोपाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### आरटीई एडमिशन का मामला फिर उठा

करंट क्राइम : गाजियाबाद जनपद में आरटीई के तहत होने वाले दाखिलों के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए सरकार की मंशा के अनुसार इसमें गरीब बच्चों के एडमिशन होने को लेकर मंत्री ने निर्देश दिया है कि यह हंड्रेड परसेंट होना चाहिए। इस मामले में किसी भी विभाग, अधिकारी और स्कूल द्वारा कोई भी लापरवाही बरती जाती है, तो उस मामले को विशेष देखा जाएगा। साथ ही अगर स्कूल द्वारा नियमों की अवहेलना की जाएगी, तो स्कूलों को भी लापरवाह ही का दोषी मानते हुए उनकी मान्यता रद्द करने के लिए पत्र लिखा जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक से मंत्री ने पूरा डाटा भी प्राप्त किया है।

### औद्योगिक क्षेत्र के पार्कों को लेकर पूछा, क्या कराए गए हैं विकास कार्य

करंट क्राइम : इस दौरान प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों द्वारा बनाए गए पार्कों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से पूछा है कि यहां के पार्क को डेवलप करने के लिए आपके द्वारा क्या कार्य कराए जा रहे हैं और क्या कमियां हैं। जिन्हें भविष्य में दूर किया जाना है। साथ ही जो रुके हुए कार्य हैं, उनका समय रहते करवाने का भी प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिया है।

# रावण के दूत की मुनादी से पहले

# क्या होगा चुनाव का ऐलान !

### सबसे पुरानी रामलीला के लिए आ गया कोर्ट और रजिस्ट्रार का फरमान



**गाजियाबाद करंट क्राइम ।** वैसे तो शहर की सबसे पुरानी रामलीला कई सालों से एक्सपायर कमेटी के रूप में चल रही है। यानी कमेटी कालातीत हो चुकी है और अध्यक्ष तथा कार्यवाहक मंत्री कमेटी को चला रहे हैं। रामलीला के लिए भूमि पूजन हुआ था और 26 सितंबर से शहर में रावण के दूत की मुनादी होनी है। ये सबसे पुरानी रामलीला की एक परम्परा है जब रावण का दूत शहर में घूमता है और वो रावण राज्य की घोषणा करता है। दूत की मुनादी के साथ ही रामलीला महोत्सव शुरू हो जाता है। सूत्र बताते हैं कि इस बार हाईकोर्ट का आदेश चुनाव को लेकर आ गया है। ऐसे में अब इस बात के प्रबल आसार बन गये हैं कि रामलीला कमेटी के चुनाव का ऐलान पहले होगा या रावण के दूत की मुनादी होगी। सूत्र बता रहे हैं कि एक लैटर डिप्टी रजिस्ट्रार के यहां से है तो दूसरा लैटर हाईकोर्ट का आदेश बताया जाता है। इस आदेश में 2019 में जो कमेटी थी और वो कालातीत हो गई थी। उसी लिस्ट के सदस्यों को वैध माना जायेगा और उसके बाद की सदस्यता निरस्त की गई है। यानी अब रामलीला कमेटी का चुनाव हुआ तो 330 सदस्यों पर होगा। वहीं बताया ये भी जा रहा है कि रामलीला कमेटी द्वारा किये जाने वाले खर्चों पर भी रोक लगा दी गई है। नया पेंच ये है कि 15 अक्टूबर तक रामलीला होगी या रामलीला का चुनाव होगा।

### रामलीला के लिए संकट मोचक बन सकती है चुनावी अधिसूचना

**करंट क्राइम।** सुल्लामल रामलीला कमेटी खेमों में बंटी है इसमें कोई शक नहीं है। एक खेमा चाहता है कि जो चल रहा है वो चलने दिया जाये और चुनाव को जहां तक टाला जाये वहां तक टलने दिया जाये। दूसरा खेमा चाहता है कि चुनाव हो और ताकत का मुलाहिजा हो जाये। पता तो चले कि किसके साथ कितने वोट हैं और किसे किसकी सपोर्ट है। बहरहाल इस सब रस्साकसी के बीच में ये माना जा रहा है कि चुनाव की अधिसूचना रामलीला कमेटी वालों के लिए संकटमोचक बन सकती है। क्योंकि गाजियाबाद शहर विधानसभा में उपचुनाव होना है। रामलीला कमेटी का मैदान शहर विधानसभा क्षेत्र में आता है और अगर अक्टूबर के पहले हफ्ते में चुनावी अधिसूचना जारी हो गई तो फिर एक बार फिर से रामलीला कमेटी का चुनाव टल जायेगा। बहरहाल नए आदेश को लेकर रामलीला कमेटी के भीतर ही सरगर्मी बढ़ गई है।

### क्या बाबा के खेवनहार बनेंगे एक बार फिर से जीजा

करंट क्राइम। वीरेन्द्र कुमार वीरो बाबा रामलीला की कालातीत कमेटी के अध्यक्ष हैं। इसी एक्सपायर्ड कमेटी के टैम्प्रेरी महामंत्री दिनेश शर्मा बब्बे है। इसी कमेटी में संजीव मित्तल साजू हैं और पूरी कमेटी जानती है कि बाबा किस रामलीला कमेटी के पदाधिकारी का सम्मान जीजा कहकर करते हैं। वैसे भी बाबा के इन जीजा का सियासी कद अब लोकसभा में बढ गया है। पहले वो विधानसभा देख रहे थे और अब पूरी लोकसभा का जिम्मा उनके पास है। ऐसे में ये चर्चा तेजी से है कि बाबा की नैय्या के खेवनहार एक बार फिर से उनके जीजा बन सकते हैं। क्योंकि आदेश प्रशासन से होने हैं और वहां पकड़ उनकी मजबूत बताई जाती है। बहरहाल रामलीला से पहले परम्परागत महाभारत की आवाजें सुनाई देने लगी हैं।

# लोनी के टीला गांव में विभिन्न मुद्दों को लेकर महापंचायत आज

## विधायक लोनी से लेकर कई हिंदू प्रमुख फेस रहेंगे मौजूद



### पुलिस प्रशासन महापंचायत को लेकर अलर्ट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** रविवार को गाजियाबाद के लोनी गेट टीलागांव में एक महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इस महापंचायत में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी और उपस्थित लोगों की राय ली जाएगी। जानकारी है कि लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने जिस तरीके से जूस में मानव मूत्र मिलाकर पिलाने के मुद्दे को लेकर नाराजगी जताई थी। इसी मुद्दे पर सर्व समाज हिंदू काफी नाराज है। साथ ही बांग्लादेश और रोहिंग्या को लेकर भी लोगों में गुस्सा है। वहीं जिस तरह से तिरुपति बालाजी मंदिर में मिलावटी प्रसाद में चर्बी मिलाए जाने का मामला आया है, इसको लेकर स्थानीय लोगों और कई हिंदू संगठनों में नाराजगी है। जानकारी मिली है कि इस पूरी महापंचायत में बड़ी संख्या में आसपास के लोग और हिंदूवादी चेहरे शामिल होंगे। इसको लेकर पुलिस-प्रशासन और खुफिया तंत्र अलर्ट मोड़ पर आ गया है।

### साध्वी निरंजन ज्योति और प्रज्ञा ठाकुर के आने की भी है चर्चा

**करंट क्राइम :** महापंचायत की तैयारी में जुटे लोगों ने बताया है कि यहां साध्वी निरंजन ज्योति और प्रज्ञा ठाकुर आसपास के गांव के प्रधान और हिंदू संगठन से जुड़े लोग जमा होंगे। सनातनियों के खिलाफ ऐसे काम करने वाले लोगों के खिलाफ रणनीति तैयार की जाएगी। साथ ही समाज के लोगों को एक मत फैसला लेना होगा कि आगे किस तरीके से इन लोगों के खिलाफ एकजुट होकर आगे की लड़ाई लड़नी है। बताया जा रहा है कि इसमें बड़ी संख्या में लोग जुटेंगे व उनकी राय ली जाएगी।

### लोनी में नहीं निकला हल, तो लाल किले पर होगी अगली पंचायत

करंट क्राइम : रविवार को होने वाली लोनी टीलागांव में महापंचायत को लेकर तमाम तरीके की रणनीतियां बन रही हैं। साथ ही जिस तरीके से जूस प्रकरण के बाद प्रसाद में चर्बी मिलाए जाने के मामले को लेकर देशभर में माहौल बन रहा है। इसको लेकर हिंदूवादी संगठन और स्थानीय विधायक लोनी ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर महापंचायत में किसी प्रकार का निर्णय नहीं हुआ तो अगली पंचायत दिल्ली के लाल किला में की जाएगी। किसी भी प्रकार से धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों को लोनी में नहीं रहने दिया जाएगा। देखना होगा की रविवार की महापंचायत क्या रंग दिखाती है।

# मंत्री असीम अरुण और महापौर ने कूड़े की ढेर का किया निरीक्षण

## कबाड़ियों को लेकर जताई नाराजगी और कूड़ा हटाने का दिया निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर में कूड़े की समस्या को लेकर लगातार महापौर सुनीता दयाल आक्रामक रूख अपना रही हैं। ऐसा ही नजारा शनिवार को भी देखने को मिला। शनिवार को प्रभारी मंत्री असीम अरुण के साथ वह अप्सरा बॉर्डर पर पहुंची और कूड़े के ढेर का निरीक्षण किया। यहां काफी समय से स्थानीय लोगों और आरडब्ल्यूए की ओर से कूड़े को लेकर शिकायत मिल रही थीं। अधिकारियों को इस दौरान महापौर सुनीता दयाल ने जल्द से जल्द कूड़ा हटाकर स्थान को साफ करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही महापौर सुनीता दयाल ने यहां कबाड़ियों द्वारा कूड़ा कई दिनों तक जमा रखने और यहां कूड़ने से उठने वाली बदबू को लेकर भी नाराजगी जताई है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक भी मौजूद रहे। महापौर सुनीता दयाल ने दिल्ली से गाजियाबाद आने वाले मार्ग पर बने सीमा बॉर्डर से अप्सरा बॉर्डर पर नगर निगम की भूमि पर कूड़े के ढेर को लेकर निरीक्षण किया। यहां स्थानीय पार्षद और आसपास के लोग चिंतित थे, महापौर ने कहा है कि यहां कूड़े की वजह से गाजियाबाद की छवि भी बिगड़ रही है।

### मंत्री असीम अरुण से महापौर सुनीता दयाल ने की कूड़े को लेकर बातचीत

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने प्रभारी मंत्री असीम अरुण से अप्सरा बॉर्डर और सीमापुरी बॉर्डर के आसपास कूड़ा जमा होने को लेकर नाराजगी जाहिर की और कहा कि यहां कबाड़ी कई-कई दिन तक कूड़े को छांटने का काम करते हैं, जिसकी वजह से परेशानी आती है। गंदगी, बदबू और उसमें आसपास के जानवर भी आते हैं। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और स्थानीय पार्षद भी मौजूद रहे। महापौर ने निर्देश दिया है कि यहां जो गंदगी और कूड़ा है उसको जल्द से जल्द हटाया जाए।

### बंद कैप्सूल में कूड़ा ले जाने का होगा प्रबंध

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण के कार्यक्रम में निर्देश दिया है कि जो यहां कूड़ा फेंका जाता है, उसे लाने और ले जाने व उठाने के लिए कैप्सूल का इस्तेमाल किया जाए। कैप्सूल भी बंद हो ताकि ना तो रास्ते में कूड़ा गिरे और ना इसकी बदबू से आसपास के लोग परेशान हों। साथ ही एमआरएफ सेंटर से आधारित तकनीक से यहां कूड़ा उठाने और सफाई का काम किया जाए ।

प्रभारी मंत्री असीम अरुण का पुलिस और निगम अधिकारियों को निर्देश

### दिल्ली का कूड़ा साहिबाबाद में नहीं पड़ेगा जरूरत पड़े तो पुलिस करे कार्रवाई



**करंट क्राइम :** प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने इस दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से कहा कि जिस तरीके की साफ-सफाई की स्थिति दिल्ली में है, ऐसा ही साफ सुथरा स्थान गाजियाबाद के अप्सरा-सीमा बॉर्डर और लोहिया पार्क के आसपास नजर आना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर यहां दिल्ली का कूड़ा रात को डाला जा रहा है, तो स्थानीय पुलिस से उसकी मदद लें। दिल्ली के जो वाहन यहां कूड़ा डालने आते हैं। उनके चालान कराए जाएं और वाहनों को जप्त करने का भी काम हो। इसके साथ ही नगर आयुक्त विक्रामादित्य सिंह मलिक को मंत्री को असीम अरुण ने निर्देश दिया है कि जहां कूड़ा डाला जा रहा है, वहां चार दिवारी कराई जाए ताकि गंदगी और कूड़ा मुख्य मार्ग पर ना आए और आसपास की आबादी गंदगी और कूड़े से बची रहे।

## संपादकीय

# जलवायु संकट

दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रकृति और जैव विविधता की हानि, प्रदूषण और कचरे के संकट का सामना कर रही है। ग्रीनहाउस गैसों की सांद्रता से तापमान वृद्धि तेज होगी। असामान्य मौसम हमारे जीवन एवं अर्थव्यवस्था पर कहर बरपा रहा है। जलवायु परिवर्तन के समाधान के लिए केवल प्रौद्योगिकी का उपयोग पर्याप्त नहीं होगा। जलवायु संकट से निपटने के लिए उपग्रहों एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का सहारा लेना होगा। संयुक्त राष्ट्र मौसम विज्ञान संगठन ने यह बात इस सदी में वैश्विक तापमान के पूर्व-औद्योगिक स्तर से तीन सेंटीग्रेड ऊपर पहुंचने की प्रमुख जलवायु वैज्ञानिकों की नवीन चेतावनियों के बीच कही है।

एआई पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने में भूमिका निभा सकता है, जिसमें अधिक ऊर्जा कुशल इमारतों के डिजाइन से लेकर वनों की कटाई की निगरानी और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को अनुकूलित करना शामिल है।संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के डेविड जेन्सन कहते हैं कि एआई से तात्पर्य उन प्रणालियों या मशीनों से है, जो ऐसे कार्य करते हैं जिनके लिए आमतौर पर मानवीय बुद्धि की आवश्यकता होती है। एआई का उपयोग जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध लड़ाई में योगदान दे सकता है।

एआई और मशीन लर्निंग के जरिए, पहले से ही मौसम पूवार्नुमान के विज्ञान में तेज, किफायती व सुलभ क्रांति आ रही है। मौजूदा एआई प्रणालियों में ऐसे उपकरण शामिल हैं जो मौसम की भविष्यवाणी करते हैं। हिमखंडों पर नजर रखते हैं और प्रदूषण की पहचान करते हैं। विश्व आर्थिक मंच का कहना है कि एआई का उपयोग कृषि को बेहतर बनाने और इसके पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए भी किया जा सकता है।

एआई जलवायु परिवर्तन से लड़ने में प्रणालियों में मदद कर रहा है, जिनमें समुद्र में प्लास्टिक प्रदूषण की पहचान करने वाली प्रणालियां भी शामिल हैं।

दुनिया की सबसे कठिन चुनौतियों में से एक जलवायु परिवर्तन से निपटना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार लगभग 4 अरब लोग पहले ही जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्रों में रह रहे हैं। ऐसे में जलवायु परिवर्तन की निगरानी के लिए उपग्रह प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कई तरह से किया जाता है। उपग्रहों से मिलने वाले डेटा का इस्तेमाल जलवायु मॉडल को बेहतर बनाने, चरम मौसम की घटनाओं का पूवार्नुमान लगाने में किया जाता है। डेटा से पता चलता है कि समुद्र का स्तर बढ़ रहा है। पृथ्वी पर बर्फ.की चादरों में तेज बदलाव हो रहे हैं। सतत विकास, जलवायु कार्रवाई व आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए आज लिए गए निर्णय बेहतर विश्व के निर्माण का मार्ग तय करेंगे। इसलिए जरूरी है कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के लाभ सभी को सुलभ हों।

# पंजाबी भाषा को अपनी पढ़ी-लिखी पीढ़ी से ही खतरा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पंजाबी मातृभाषा को दुनिया में पहुंचाने वाले गुरुओं के अलावा नाथों, जोगियों, बुल्लेशाह, वारिस शाह, शाह हुसैन, कादरयार, शाह मुहम्मद, दामोदर आदि कवियों ने अपनी कविता का माध्यम पंजाबी को बनाया जबकि भाई वीर सिंह, नानक सिंह, गुरदयाल सिंह, संत सिंह सेखों, अजीत कौर, दलीप कौर टिवाना, अमृता प्रीतम, सुरजीत पात्र, शिव कुमार 'बटालवी' और हरभजन सिंह जैसे लेखकों ने इसी भाषा सदका अंतरराष्ट्रीय प्रसिद्धि के शिखरों को छुआ है। गीत-संगीत की दुनिया में भी आसा सिंह मस्ताना, आलम लौहार, लालचंद यमला जट्ट, गुरदास मान, कुलदीप माणक, हंसराज हंस, सुखविंदर सिंह और सतिंदर सरताज जैसे नामी कलाकारों ने पंजाबी मातृभाषा के गीतों को देश-विदेशों में प्रसिद्ध किया।




बदल रहा है ट्रेंड, पंजाबी बोलने से कतराने लगे लोग ताजा हालात की बात करें तो पंजाबी को अपनी पढ़ी लिखी पीढ़ी से ही खतरा पैदा होता जा रहा है। आज पंजाबी की जगह अंग्रेजी लेती जा रही है। भारत के पढ़े-लिखे पंजाबी भी पंजाबी नहीं बोलते, बल्कि अंग्रेजी बोलते हैं। हालांकि गुरुओं की यह भाषा कभी मिट नहीं सकती, लेकिन आज बहुत-से लोग पंजाबी बोलने में झिझक महसूस करते हैं। ये अच्छे संकेत नहीं हैं। अंग्रेजी या अन्य भाषाएं सीखना बुरी बात नहीं, लेकिन अपनी मातृभाषा को भुला देना जरूर गलत है पंजाबी (जो पंजाबी में पंजाबी, गुरूमुखी, पंजाबी और पंजाबी, शाहमुखी) में लिखी गई है। पंजाब की भाषा और पाकिस्तान भाषा है। यह भारतीय-ईरानी श्रेणी के भारतीय-यूरोप वर्ग से संबंधित है। इसके अतिरिक्त, पंजाबी शब्द पंजाब से संबंधित किसी भी चीज के लिए उपयोग किया जाता है, जो पंजाब या पंजाबी से संबंधित है, क्योंकि पंजाबी बोलने वालों को पंजाबी और पंजाबी क्षेत्रों में पंजाबी कहा जाता है।

पंजाबी भारतीय पंजाब प्रांत की आधिकारिक भाषा है और वह आसपास के राज्यों जैसे हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली आदि में बोली जाती है। पंजाबी भी पंजाब के सभी देशों में एक अल्पसंख्यक भाषा के रूप में बोली जाती है, जहां भी पंजाबी है, जैसे कि इंग्लैंड, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और खासकर कनाडा, जहां पंजाबी कनाडा की आबादी के अनुसार, पांचवीं आम बोली जाने वाली एक भाषा है। पंजाबी भी सिखों की धार्मिक भाषा है, जिसमें गुरु ग्रंथ साहिब की रचना की गई है। यह भांगड़ा संगीत की भाषा है, जिसने दक्षिण एशिया और दुनिया भर में अच्छी नम्रता अर्जित की है।

पंजाबी संस्कृति को 1 9 47 में भारत के विभाजन से प्रभावित किया गया था। पंजाबी भाषा और संस्कृति विभाजित देशों और धार्मिक संबंधों को जोड़ती है।

नई पंजाबी शब्दावली अन्य भाषाओं, जैसे हिंदी, फारसी, और अंग्रेजी से प्रभावित होती है अन्य उत्तरी भारतीय भाषाओं की तरह, यह संस्कृत से भी विकसित किया गया है। पंजाबी के कई रूप हैं, जैसे पश्चिमी पंजाब में लेहिंडा या लेहंडा और पूर्व पंजाब में सिराकी, हिंदको, माजी, पोथोरी, लेकिन वे बहुत ही पंजाबी के समान हैं। इस क्षेत्र और उसकी बोलियों के साथ-साथ बोली क्षेत्र में, पंजाबी भाषा को लिखने के लिए कई लिपि हैं। भारत के सिख और अन्य लोग इसे गुरूमुखी में लिखते हैं। हिंदू और आस-पास के राज्यों के निवासियों ने इसे देवनागरी में लिखा है। पश्चिमी पंजाब में शाहमुखी वर्णमाला के रूप में लिखे गए पंजाबी को लिखने के दो सामान्य तरीके गुरमुखी और शाहमुखी हैं। समय के साथ, पंजाबियों में लीपिस का संबंध समाप्त हो रहा है। भारतीय और पाकिस्तानी पंजाबी अब केवल बयान से पंजाबी समझ सकते हैं, लेकिन लिप्पी के रूप में नहीं। अंग्रेजी की तरह, पंजाबी पूरी दुनिया में फैल चुकी है और साथ ही स्थानीय शब्दों के साथ ही विकासशील है। हालांकि कई शब्द हिंदी-उर्दू और अंग्रेजी से आए हैं, पंजाबी भी स्पैनिश और डच से आये हैं। तो एक अद्वितीय दासपुरा पंजाबी उभर रहा है। चूंकि पंजाबी में पहले शब्दों में कोई संख्या नहीं है, इसलिए ऐसा लगता है कि डिस्पुरा पंजाबी भारतीय क्षेत्र में प्रस्तुतियों से भविष्य को बनायेगा।



**हिमांशु लव**
**पूर्व पार्षद**

# समीक्षा बैठक में बोलीं वित्त मंत्री, 'समय पर पूरे हों पूंजीगत व्यय के लक्ष्य'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) का लक्ष्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा हो। शुक्रवार को अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान, वित्त मंत्री ने जोर देकर कहा कि वित्तीय वर्ष के अंत तक 28,628 करोड़ रुपये के पूर्ण बजट आवंटन का उपयोग किया जाना चाहिए।

वित्त मंत्री ने केंद्रीय बजट में महत्वपूर्ण कैपेक्स आवंटन वाले मंत्रालयों और विभागों के साथ चल रही समीक्षा के तहत नई दिल्ली में एक बैठक की। इस बैठक में पूंजीगत व्यय से जुड़ी निधियों के समय पर और कुशल उपयोग की आवश्यकता पर चर्चा की गई।



'' पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में, वित्त मंत्रालय ने कहा, केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री ने आज आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के बजटीय पूंजीगत व्यय #कैपेक्स का आकलन करने के लिए नई दिल्ली में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

मंत्रालय के अनुसार, चर्चा का एक बड़ा हिस्सा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) पर केंद्रित था, जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में किफायती आवास उपलब्ध कराना है। सीतारमण ने शहरी भारत में बढ़ती आवास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इस योजना के तहत प्रगति में तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया कि कार्यक्रम के तहत निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएं।

आवास के अलावा, वित्त मंत्री ने शहरी परिवहन और बुनियादी ढांचे के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने मेट्रो रेल और क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम जैसी परियोजनाओं के लिए आवंटित पूंजीगत व्यय लक्ष्यों को पूरा करने की आवश्यकता पर भी चर्चा की। ये परियोजनाएं शहरी गतिशीलता में सुधार और शहरों में बढ़ती भीड़भाड़ को कम करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# टेस्ला साइबरट्रक जितनी महंगी घड़ी पहने दिखे मेटा संस्थापक

## एक साल में सिर्फ 20 ही बनतीं हैं





**नई दिल्ली।** मेटा के संस्थापक और सीईओ मार्क जुकरबर्ग को हाल ही में एक आकर्षक कलाई घड़ी पहने देखा गया। इस घड़ी की कीमत हैरान करने वाली है। बिजनेस इनसाइडर के अनुसार इस आर्म कैंडी, डी बेथ्यून डीबी 25 स्टारी वैरियस घड़ी की कीमत 90,000 डॉलर और $95,700 (75 लाख से 80 लाख रुपये) के बीच है। इस तरह इसकी कीमत भविष्य की टेस्ला साइबरट्रक के लगभग बराबर है, जिसकी कीमत 99,990 डॉलर रखी गई है। नीलामी कंपनी बोनहम्स के घड़ी विशेषज्ञ ब्रायन ली ने बताया कि साल में यह घड़ी सिर्फ 20 पीस ही बनती है। स्विस घड़ी निमार्ता की वेबसाइट के अनुसार, इस घड़ी में सफेद और गहरे नीले रंग का डायल है, जिस पर सफेद सोने की पिन लगी हुई हैं, जो सितारों को दशार्ती हैं। पिन छोटे मिल्की वे पैटर्न से जुड़े हुए हैं, जिन पर 24 कैरेट सोने की पत्ती लगी हुई है।

यह पहली बार नहीं है जब जुकरबर्ग को प्रीमियम घड़ी पहने देखा गया है। हाल ही में मेटा के सीईओ ने इंस्टाग्राम पर अपनी पत्नी के कंधों पर हाथ रखे हुए एक सेल्फी पोस्ट की थी। उस दौरान उन्होंने पैटेक फिलिप घड़ी पहली थी, जिसकी खुदरा कीमत 141,400 डॉलर है।

न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार, एक दशक पहले अपनी सादगीपूर्ण व्यक्तिगत शैली एक साक्षात्कार में जुकरबर्ग ने कहा था, मुझे लगता है कि अगर मैं अपनी ऊर्जा को अपने जीवन की मूर्खतापूर्ण या तुच्छ चीजों पर खर्च करता हूं, तो मैं अपना काम नहीं कर रहा हूं, और इस तरह, मैं अपनी सारी ऊर्जा को सर्वोत्तम उत्पादों और सेवाओं के निर्माण में लगा सकता हूं।

## राशिफल

**मेष:** जीवनसाथी की तलाश पूरी हो सकती है। जो पार्टनर को पूरा प्यार देते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी खूबसूरत जगह पर जा सकते हैं।

**वृष:** प्रेम संबंधों को लेकर चिंतित रहेंगे और रिश्तों को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। प्रेमी से सोशल मीडिया के जरिए बात करेंगे। जीवनसाथी आपके लिए शुभ साबित होगा।

**मिथुन:** बैचलर ऑफ पार्टनर की तलाश पूरी होगी। लव पार्टनर का गुस्सा बर्दाश्त किया जा सकता है। प्रेमी को दिया गया उपहार वापस मिलेगा।

**कर्क:** अगर आप अपने प्रेमी से शादी करना चाहते हैं, तो शुभ समय आ गया है। आपका प्रेमी आपकी बात पर आसानी से राजी हो जाएगा। प्रेम की मुश्किलें कम होगी।

**सिंह:** लव लाइफ में काफी बिजी रहने वाले हैं। नया रिश्ता बहुत जल्द शादीशुदा जिंदगी में बदलने वाला है। प्रेमिका के सामने प्यार का इजहार करने में झिझक होगी।

**कन्या:** आज वैवाहिक जीवन में आप सकारात्मक महसूस करेंगे। प्रेमी से दूरियां भी बढ़ सकती हैं। जीवन साथी की समृद्धि और रोजगार जीवन में खुशियां ला सकता है।

**तुला:** लव लाइफ के लिए दिन खास रहने वाला है। पार्टनर के साथ रोमांटिक जगह पर जाना संभव है। वैवाहिक जीवन में आपको अपने साथी का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक:** आज के दिन प्रेम संबंधों में विश्वास की कमी हो सकती है। किसी पुराने मित्र को आपकी अनैतिक प्रेम कहानी के बारे में पता चल सकता है।

**धनु:** पार्टनर कहीं जाने की जिद कर सकता है। रिश्ते को और भी मजबूत बनाने के लिए हैप्पी स्पेशल होते हैं। अविवाहित लोग शादी के प्रस्ताव को स्वीकार कर सकते हैं।

**मकर:** समझदारी के कारण प्रेमी और उसके परिवार पर आज प्रभाव पड़ेगा। किसी भी तरह के झगड़े से बचें। आपकी आदतें और चंचलता आपके साथी को पसंद आएगी।

**कुंभ:** प्रेम जीवन में आ रही बाधाएं दूर होंगी। लव पार्टनर से संबंध और भी प्रगाढ़ होंगे। दांपत्य जीवन में आपका पार्टनर आपका पूरा ख्याल रखने वाला है।

**मीन:** प्रेम संबंधों में कड़वाहट और दूरियां कम होंगी। किसी के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। शादीशुदा जोड़े के लिए शाम रोमांटिक और शानदार रहेगी।

## चुटकुले

भिखारी- क्या बात है साहब, पहले आप सौ रुपये देते थे, बाद में पचास, फिर पच्चीस, अब दस देते हैं?
संता- पहले मैं कुंवारा था, तो मैं सौ देता था! फिर मेरी शादी हो गयी, तो पचास; एक बच्चा हो गया तो पच्चीस, अब दो बच्चे हैं तो दस देता हूं..
भिखारी- वाह साहब, आपके पूरे परिवार का खर्चा तो मेरे पैसों से चल रहा है!

---

गर्मी में एक औरत अकेले कब्रिस्तान मे एक कब्र पर बैठी थी..
एक राहगीर ने पूछा- डर नहीं लगता?
औरत- क्यों? इसमें डरने की क्या बात है.. अंदर गर्मी लग रही थी तो बाहर आ गई। राहगीर कौमा में है।

---

पप्पू अस्पताल की एक नर्स से कहता है
पप्पू- आई लव यू
तुमने मेरा दिल चुरा लिया
नर्स (शरमा कर बोली)- चल झूठे, दिल को तो हाथ भी नहीं लगाया हमने तो सिर्फ किडनी चुराई है।
पप्पू अब कोमा में चला गया है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान कबूतरों को मेल वाहक के रूप में उपयोग किया जाता था। उन्होंने दुश्मन की गोलीबारी पर जानकारी देकर कई जानें बचाई।
- कबूतरों को टेनिस कोर्ट से दूर दूर रखने के लिए विंबलडन शिकार के पक्षी, रूफस द हॉक को नियुक्त करता है।
- 6 जून, 1944 को भेजे गए एक एन्क्रिप्टेड नोट को साल 2012 में एक कबूतर कंकाल से निकाला गया था। इस संदेश को अब तक पढ़ा नहीं जा सका है।
- शोधकर्ताओं ने पिकासो और मोनेट द्वारा चित्रों के बीच भेद करने के लिए कबूतरों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने अपने काम के लिए मनोविज्ञान में विनोदपूर्ण आईजी नोबेल पुरस्कार जीता।
- भारत में एक कबूतर को गिरफ्तार किया गया था और पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पुलिस गार्ड के अधीन रखा गया था।
- स्पाइन्राजा, रीढ़ की हड्डी के मांसपेशी एट्रोफी के लिए एक दवा, की कीमत $ 750,000 है।
- अमेजॅन का सबसे बड़ा गोदाम 17 अमेरिकी फुटबॉल क्षेत्रों के आकार जितना बड़ा है।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## करंट क्राइम

## परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

22 09 2024

# आज के जन्मदिन


नित्या प्रजापति, संजू शर्मा, अनमोल खन्ना, नरेश कश्यप, आदर्श शर्मा, सादमान कुरैशी, युगांक यादव, गोविंद अग्रवाल


मुकेश भटनागर, अंकुश गर्ग, अतुल गहलौत, बिट्टू चौधरी, गौरव मलिक, वैभव जैन, विशाल, दीपक गर्ग


हर्ष तोमर, मुकेश कुमार, राजू पंडित, सौरभ शर्मा, दीपक कुमार, गौरव शर्मा, विकास हिंदु, एड. अंकित कुमार, मनीष भटनागर

सेलेब्रिटी जन्मदिन



सना सईद
अभिनेत्री



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# 515 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश चाय तक 56/0




**चेन्नई ।** शुभमन गिल और ऋषभ पंत के शानदार शतकों की मदद से भारत ने चेपॉक में पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को अपनी दूसरी पारी लंच के बाद 287/4 पर घोषित कर बांग्लादेश को 515 रनों का विशाल लक्ष्य दिया। इसका पीछा करते हुए जाकिर हसन और शादमान इस्लाम ने क्रमशः 32 और 21 रन बनाकर नाबाद रहते हुए चाय तक टीम को 56/0 पर पहुंचा दिया।

इससे पहले टीम इंडिया ने पहली पारी में 376 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश की टीम मात्र 149 रन पर सिमट गई थी। दूसरी पारी में 227 रन की बढ़त के साथ भारत ने इसे 515 रन के बड़े लक्ष्य तक पहुंचाया।

टीम इंडिया की दूसरी पारी की बात करे तो, इस बार भी बांग्लादेश की टीम शुरूआत विकेट हासिल करने में सफल रही। लेकिन पहली पारी में शून्य पर आउट होने के बाद गिल ने दूसरी पारी में 119 रन की शानदार नाबाद पारी खेली जिसमें 10 चौके और 4 छक्के शामिल थे। जबकि ऋषभ पंत ने उनका पूरा साथ देते हुए शतक जमाया। इस दौरान उन्होंने 13 चौके और 4 छक्के लगाते हुए 109 रन की पारी खेली। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 167 रनों की साझेदारी करके बांग्लादेशी गेंदबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया। दूसरे सत्र में सबका ध्यान इस पर ही था कि भारत अपनी पारी कब घोषित करेगा।

इन दोनों के अलावा केएल राहुल ने नाबाद 22, विराट कोहली ने 17, यशस्वी जायसवाल ने 10 और रोहित शर्मा ने 5 रन बनाए। वहीं बांग्लादेश की ओर से दूसरी पारी में मेहदी हसन मिराज ने 2 विकेट लिए। नाहिद राणा और तस्कीन अहमद को 1-1 विकेट मिला।

# एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर के लिए 28 वर्षीय डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह नॉमिनेट

**नई दिल्ली।** टेस्ट मैचों, एफआईएच हॉकी प्रो लीग और पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है। 28 वर्षीय डिफेंडर ने इससे पहले 2020-21 और 2021-22 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता था।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए फिर से नॉमिनेट होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों में शामिल होने पर मैं बहुत खुश हूं, लेकिन इसमें कोई शक नहीं है कि यह मेरी टीम के समर्थन के बिना संभव नहीं हो पाता। एफआईएच हॉकी प्रो लीग और पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में मैंने जितने भी गोल किए हैं, वे सब टीम की बदौलत ही संभव हो पाए हैं।

हरमनप्रीत को 2024 में आयोजित सभी अंतरराष्ट्रीय मैचों को ध्यान में रखने के बाद थियरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड),




जोएप डी मोल (नीदरलैंड), हेंस मुलर (जर्मनी) और जैक वालेस (इंग्लैंड) के साथ नामित किया गया है।

हॉकी के कैप्टन कूल ने अपने शानदार डिफेंस और पेनल्टी कॉर्नर से बेहतरीन गोल करने की क्षमता के साथ भारतीय पुरुष हॉकी टीम को ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 में कांस्य पदक जिताया। उन्होंने ओलंपिक में आठ मैचों में 10 गोल किए, जिनमें से सात गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए जबकि बाकी तीन गोल पेनल्टी स्ट्रोक से आए।

उन्होंने कहा, पेरिस 2024 ओलंपिक न केवल इस साल का सबसे शानदार टूर्नामेंट था, बल्कि मेरे अब तक के पूरे करियर का सबसे शानदार सफर था। टीम ने हमेशा मेरा साथ दिया है, खासकर पिछले साल विश्व कप के दौरान, जब मैं पेनल्टी कॉर्नर से गोल नहीं कर पा रहा था।"

लेकिन टीम ने मुझे किसी भी तरह से खुद को दोषी नहीं मानने दिया जबकि उन्होंने ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करने और पदक जीतने के लिए समर्थन दिया। मेरे दिमाग में हमेशा यह बात रही कि मुझे टीम द्वारा मुझ पर रखे गए भरोसे पर खरा उतरना है।

ओलंपिक खेलों के बाद छोटे ब्रेक से लौटने के बाद, हरमनप्रीत ने चीन के मोकी में होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 पर अपनी नजरें टिकाईं। टीम की अगुवाई करते हुए उन्होंने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए, जिसमें भारत ने चीन में अपना खिताब बरकरार रखा।

# विराट कोहली को स्पिनरों के खिलाफ अपने पैरों का इस्तेमाल करने और हवाई शॉट खेलने से नहीं डरना चाहिए : रवि शास्त्री

**चेन्नई ।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को बल्लेबाजी के दौरान स्पिनरों के खिलाफ अपने पैरों का इस्तेमाल करने और हवाई शॉट खेलने से नहीं डरना चाहिए।

रवि शास्त्री का यह कमेंट शुक्रवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट की दूसरी पारी में स्पिनर मेहदी हसन मिराज की गेंद पर कोहली के अपना विकेट गंवाने के बाद आया।






कोहली, जो अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन स्पिन की जाल में फंस गए और अपना विकेट बांग्लादेश को गिफ्ट में दे आए। विराट कोहली 17 रन बनाकर आउट हुए लेकिन जब रिप्ले देखा गया तो उसमें गेंद पैड से टकराने से पहले उनके बल्ले का किनारा लेकर गई थी। हालांकि, विराट ने डीआरएस नहीं लिया था।

शास्त्री ने मैच कमेंट्री के दौरान कहा, ₹वह पिछले 2-3 वर्षों में स्पिनरों के सामने कई बार आउट हुए हैं। लेकिन उन्होंने बहुत रन भी बनाए हैं। आप उन्हें अपने पैरों का इस्तेमाल करते हुए देखना चाहेंगे। गेंद की पिच पर आएं, शायद स्वीप का इस्तेमाल करें। आप स्पिनरों को परेशान करने के लिए कुछ अलग या नया कर सकते हैं, बजाय इसके कि आप उन्हें खुद पर दबाव बनाने दें। जब उन्होंने बहुत रन बनाए तो उन्होंने यही किया था।₹

पहली पारी में सिर्फ छह रन बनाने वाले कोहली पिछले दो वर्षों से टेस्ट क्रिकेट में घरेलू धरती पर रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पूर्व कप्तान ने भारत में पिछले छह टेस्ट मैचों में सिर्फ एक शतक लगाया है। हालांकि, उनका आखिरी टेस्ट शतक पिछले साल पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ आया था।

2021 से कोहली ने एशिया में 14 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 23 पारियों में 29.72 की औसत से 654 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं।

इस दौरान उनका टेस्ट प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं रहा, जिसमें उन्होंने 51 पारियों में 32.72 की औसत से 8 अर्धशतक और दो शतकों के साथ केवल 1,669 रन बनाए हैं।

# मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए हार्दिक पांड्या की हो सकती है वापसी

**नई दिल्ली ।** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया के एक बड़े दौरे के मद्देनजर, भारत के सफेद गेंद विशेषज्ञ हार्दिक पांड्या आगामी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भाग लेकर ब्रेक के बाद एक्शन में लौटने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि भारत का यह ऑलराउंडर भी अपने राज्य के लिए रणजी ट्रॉफी खेलना चाहता है, जो रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी और फिर से टेस्ट क्रिकेट खेलने की उम्मीद का संकेत है।

सूत्रों ने शुक्रवार को आईएएनएस को बताया कि 2024 में टी20 विश्व कप में भारत की जीत के स्टार पांड्या के बड़ौदा के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलने की संभावना है।

सूत्रों के मुताबिक, भारत के ऑलराउंडर ने बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) को घरेलू सफेद गेंद क्रिकेट खेलने की इच्छा व्यक्त की है। सूत्र ने बताया, ₹रणजी ट्रॉफी में भी हार्दिक खेलना चाहते हैं।




ऑस्ट्रेलिया सीरीज को ध्यान में रखते हुए वह टेस्ट क्रिकेट में वापसी की तलाश में हैं।₹

पांड्या मौजूदा दलीप ट्रॉफी में शामिल नहीं हैं, लेकिन ऐसा महसूस किया जा रहा है कि रणजी ट्रॉफी में खेलने की उनकी इच्छा प्रतिष्ठित पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल होने का एक प्रयास हो सकती है।

हार्दिक ने आखिरी बार जून में टी20 विश्व कप में भारत की जीत के बाद जुलाई में पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ दो टी20 मैचों में सफेद गेंद से क्रिकेट खेला था।

### ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने की जमकर प्रशंसा, कहा

# मुझे अपने स्टार जोड़ीदार जडेजा से जलन होती है

**चेन्नई ।** भारत और बांग्लादेश के बीच खेले जा रहे चेपॉक टेस्ट में टीम इंडिया मजबूत स्थिति में है। इस बीच अनुभवी ऑफ स्पिनर ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने अपने साथी रवींद्र जडेजा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें अपने इस स्टार जोड़ीदार से जलन होती है।

अश्विन, जिन्होंने अपना छठा टेस्ट शतक जमाकर भारत को एमए चिदंबरम स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ चल रहे मैच की पहली पारी में 376 रन बनाने में मदद की। इस दौरान उनका पूरा साथ रवींद्र जडेजा ने दिया। दोनों ही बल्लेबाजों ने 199 रनों की बेहतरीन साझेदारी जमाई।




अश्विन (113) और जडेजा (86) के बीच सातवें विकेट के लिए हुई साझेदारी ने भारत को पहली पारी में 144/6 से 376 तक पहुंचाने में मदद की। यह अश्विन का अपने घरेलू मैदान पर दूसरा टेस्ट शतक भी था और लंबे प्रारूप में नंबर आठ बल्लेबाज के रूप में उनका चौथा शतक था।

रविचंद्रन अश्विन ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा, मैं हमेशा उससे ईर्ष्या करता हूं कि वह कितना प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। उसने अपनी क्षमता को अधिकतम स्तर तक पहुंचाने के तरीके ढूंढ लिए हैं। काश मैं वैसा बन पाता, लेकिन मैं जैसा हूं उससे भी खुश हूं।

चेन्नई के इस खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि दूसरे छोर पर जडेजा के होने से उन्हें अपना छठा टेस्ट शतक बनाने में मदद मिली।

# मेरी और अश्विन के बीच साझेदारी मैच का टर्निंग प्वाइंट रही : रवींद्र जडेजा

**चेन्नई ।** भारत के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने रविचंद्रन अश्विन के साथ अपनी 199 रनों की साझेदारी पर कहा कि यह मैच का टर्निंग प्वाइंट था। इस पार्टनरशिप के दम पर भारत ने शुरूआती झटकों से बाहर आते हुए पहली पारी में 376 रन बनाए और मैच में मजबूत स्थिति में है।

रवींद्र जडेजा ने बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, ₹उस समय हम मुश्किल स्थिति में थे, क्योंकि स्कोर 144/6 था। विकेट भी मुश्किल था और पहले सत्र में हमने ढेर सारे विकेट खो दिए थे। लेकिन वहां से मैं और अश्विन साझेदारी बनाने में सफल रहे, जो हमारे लिए निर्णायक मोड़ साबित



हुआ और हमने मैच में वापसी की।₹

पहले दिन, जब भारत एमए चिदंबरम स्टेडियम में मुश्किल में था, जडेजा और अश्विन ने पहले दिन 195 रन जोड़े, जो टेस्ट मैच के पहले दिन सातवें विकेट के लिए किसी भी जोड़ी द्वारा बनाई गई सर्वाधिक साझेदारी थी।

हालांकि, जडेजा 14 रन से टेस्ट शतक से चूक गए, लेकिन अश्विन के साथ मिलकर अहम भूमिका निभाकर उन्होंने भारत को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला।

उन्होंने कहा, ₹व्यक्तिगत रूप से, मैं मुश्किल परिस्थितियों में टीम के लिए अच्छी पारी खेलकर और फिर टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचाकर खुश हूं, यह मेरे लिए वाकई गर्व की बात है।₹

जडेजा के साथ-साथ चेन्नई टेस्ट में अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ जिस तरह की बल्लेबाजी की, उसके कारण उनकी बल्लेबाजी क्षमता चर्चा का विषय बनी हुई है।



# एम्मा पैर की चोट के कारण क्वार्टर फाइनल से रिटायर

**सोल ।** ब्रिटिश टेनिस स्टार एम्मा राडुकानू को लगातार पैर की चोट के कारण शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस की डारिया कसात्किना के खिलाफ कोरिया ओपन के क्वार्टर फाइनल से रिटायर होने के लिए मजबूर होना पड़ा। 21 वर्षीय खिलाड़ी, जिसने यू युआन के खिलाफ अपने पिछले मैच में असुविधा के लक्षण दिखाए थे, विश्व नंबर 13 के खिलाफ शुरू से ही संघर्ष करती रही।

**चोट से उबरना बहुत मुश्किल साबित हुआ**

पहले सेट के पांचवें गेम के बाद राडुकानू को मेडिकल टाइमआउट की आवश्यकता थी, लेकिन खेल जारी रखने के प्रयासों के बावजूद उन्होंने शुरूआती सेट 6-1 से हारने के बाद अंततः रिटायर होने का फैसला किया। चोट से उबरना बहुत मुश्किल साबित हुआ, जिससे सोल में उनका अभियान छोटा हो गया।

अपने आखिरी मैच में राडुकानू ने चीन की यू युआन पर सीधे सेटों में जीत हासिल की। दुनिया में 70वें स्थान पर काबिज ब्रिटिश खिलाड़ी ने लगातार छह गेम जीतकर पहला सेट अपने नाम किया और दूसरे पर कब्जा कर लिया। उसने अंततः अपने सातवें मैच प्वाइंट को बदलकर 6-4, 6-3 से जीत हासिल की और सोल में क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

सेमीफाइनल में पहुंचने वाली कसात्किना का सामना हमवतन डायना श्नाइडर या यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक से होगा, शुक्रवार को बारिश की वजह से खेल बाधित होने के बाद मैच शनिवार को होगा। राडुकानू के लिए, यह 2021 में उनकी ऐतिहासिक यूएस ओपन जीत के बाद से चोटों और असंगत प्रदर्शनों की एक श्रृंखला के बाद शीर्ष फॉर्म हासिल करने की उनकी खोज में एक और झटका है।

# बुमराह का खुलासा, चेन्नई की पिच पर बल्लेबाजों को कैसे आउट किया

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई के एमए चिंदबरम स्टेडियम में चार विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह ने बताया कि उन्होंने अपनी गेंदबाजी में बदलाव किए क्योंकि दूसरे दिन उनकी सामान्य गेंदें काम नहीं कर रही थीं। बुमराह ने बताया कि उन्होंने मुशफिकुर रहीम का विकेट कैसे लिया जब पिच से ज्यादा मदद नहीं मिल रही थी।



बुमराह ने दिन के खेल के बाद जिओसिनेमा से बातचीत में कहा, गेंद थोड़ी पुरानी हो चुकी थी, ज्यादा मूवमेंट नहीं था, लेकिन पिच से कुछ उछाल मिल रही थी। मैंने सोचा कि अगर मैं थोड़ा आगे गेंद डालता हूं, तो बहुत ज्यादा स्विंग नहीं हो रही थी। इसलिए मैंने सोचा कि बल्लेबाजों के लिए रन बनाना मुश्किल कैसे किया जा सकता है। इसी पर मैंने ध्यान दिया और किस्मत से मुझे बाहरी किनारा मिला।

बुमराह ने बताया कि परिस्थितियों के कारण उन्हें अपनी गेंदबाजी में बदलाव करना पड़ा।

उन्होंने कहा, मेरे पास ज्यादा विकल्प नहीं थे क्योंकि जब मैं लंबी गेंद डालने की कोशिश कर रहा था, गेंद कुछ खास नहीं कर रही थी और रिवर्स स्विंग भी नहीं हो रही थी। इसलिए मुझे कुछ नया ट्राई करना पड़ा क्योंकि जब पिच से मदद नहीं मिलती, तो गेंदबाज के तौर पर आपको प्रयोग करने होते हैं। पिच पर ग्रिप नहीं थी, इसलिए मैंने घरेलू क्रिकेट में इस्तेमाल किए गए कुछ तरीके आजमाए।

# द. अफ्रीका के खिलाफ अफगानिस्तान ने ऐतिहासिक जीत में बनाए कई व्यक्तिगत और टीम रिकॉर्ड्स

**नई दिल्ली ।** हशमतुल्लाह शाहिदी की कप्तानी में अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी पहली वनडे सीरीज जीतकर इतिहास रच दिया है। स्पिन गेंदबाजी में महारत हासिल करने वाले राशिद खान ने अफ्रीकी बल्लेबाजों को अपनी फिरकी में फंसाया, जबकि 22 साल के अफगानी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने अपनी शतकीय पारी से अफ्रीकी गेंदबाजों को खूब छकाया और विराट कोहली को भी टक्कर दी।

अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच दुबई में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जा रही है। सीरीज में अफगानिस्तान ने 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। दूसरे वनडे में अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को 177 रनों के बड़े अंतर से हराकर




सीरीज पर कब्जा जमाया।

रहमानउल्लाह गुरबाज शतक लगाकर अफगानिस्तान के स्कोर को 300 के पार ले गए, वहीं राशिद खान ने पांच विकेट लेकर मेहमानों को मात्र 134 पर समेट दिया। इस मैच से जुड़े कुछ प्रमुख, व्यक्तिगत और टीम रिकॉर्ड पर एक नजर डालते हैं।

एक टीम के रूप में यह शीर्ष पांच रैंकिंग वाले देशों के खिलाफ अफगानिस्तान की पहली वनडे सीरीज जीत है। (177 रन के बड़े अंतर से जीत) यह रनों के हिसाब से अफगानिस्तान की सबसे बड़ी वनडे जीत है। इससे पहले 2018 में उन्होंने शारजाह में ही जिम्बाब्वे को 154 रनों से हराया था। पूर्णकालिक देशों में अफगानिस्तान ऐसी नौवीं टीम बन गई है, जिनके नाम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज जीत है।

व्यक्तिगत रिकॉर्ड की बात करे तो, राशिद अपने जन्मदिन पर पांच विकेट लेने वाले पहले वनडे गेंदबाज बने। वर्नोन फिलेंडर और स्टुअर्ट ब्रॉड अपने जन्मदिन पर वनडे में चार विकेट ले चुके हैं। यह वनडे में राशिद का पांचवां फाइफर है।

रहमानुल्लाह गुरबाज ने 110 गेंदों पर 105 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। उनके लिए ये शतक कई मायनों में खास रहा। ये वनडे क्रिकेट में उनका 7वां शतक है, इसी के साथ वह अफगानिस्तान के लिए वनडे में सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

# धूम धाम से मनाया गया युवा भाजपा नेता नितिन मावी का जन्मदिन












गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोनी के युवा भाजपा नेता नितिन मावी का जन्मदिन धूम धाम से मनाया गया। उनके जन्मदिन के अवसर पर सभी वर्गो के गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं देते हुए उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ तथा खुशहाल जीवन की कामना की। जन्मदिन के अवसर पर नितिन मावी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# समाज सेवा ही ईश्वर सेवा है : राजा भैया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजसेवी राजा भैया ने कहा कि दूसरों की सेवा करके हम दुनिया को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं और हमें मिले उपहार के लिए अपना प्यार और आभार व्यक्त कर सकते हैं। भले ही किसी रूप में क्यों ना हो समाज सेवा हमेशा एक नि स्वार्थ काम है जो दूसरों को लाभान्वित करता है। समाज सेवा करुणाशील दुनिया बनाने में मदद करती है। मैं इस बात से पूरी तरह सहमत हूं कि समाज सेवा ही ईश्वर सेवा है। दूसरों की जरूरत के समय मदद करना समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। अधिकांश धर्म और विश्वास प्रणालियों का एक मूलभूत सिद्धांत है दूसरों की सेवा करना मानवता के लिए हमारे प्यार और करुणा को व्यक्त करने और समाज में सार्थक योगदान देने का एक तरीका है।

# शिक्षा का समाज व देश पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है: मास्टर जितेंद्र सेन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिक्षाविद एवं भाजपा नेता मास्टर जितेंद्र सेन ने कहा की शिक्षा का समाज व देश पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है क्योंकि यह रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि करती है। सामाजिक और आर्थिक स्थिरता में सुधार करती है। इस प्रकार सार्वभौमिक शिक्षा असमानता के अंतराल को कम करने और लोगों की जीवन स्थितियों को सुधार लाने के लिए एक प्रभावी उपकरण साबित होती है। शिक्षा न केवल हमारे व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है बल्कि यह समाज को भी सुधारने का माध्यम होती है। एक शिक्षित व्यक्ति समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सक्षम होता है और सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक विकास में योगदान करता है। शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा होता है। उच्च शिक्षित लोग विकसित देश का आधार बनते हैं इसलिए उचित शिक्षा व्यक्ति और देश दोनों का उज्जवल भविष्य बनाती है। केवल शिक्षित नेता ही राष्ट्र का निर्माण करते हैं और इसे सफलता और प्रगति की ऊंचाई तक ले जाते हैं। शिक्षा लोगों को यथासंभव परिपूर्ण और महान बनाती है।

## शुभकामनाएं



गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा के युवा नेता रुद्र प्रताप सिंह त्यागी का जन्मदिन राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता के कार्यालय पर कवि नगर में मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर बधाई देने वालों में प्रदीप चौधरी अशोक भारतीय,अवनीश गर्ग वीरेंद्र कंडेरे आदि मौजूद रहे।

## गाजियाबाद में घर से भागी चार नाबालिग लड़कियां पहुंची वृंदावन: कृष्ण दीवानी सहेलियां बोलीं- लड्डू गोपाल से प्रेम करते हैं, घरवाले जाने नहीं देते

**साहिबाबाद।** साहिबाबाद इलाके से चार नाबालिग सहेलियां लड्डू गोपाल की दीवानगी में बिना घरवालों को बताएं वृंदावन पहुंच गईं। पुलिस ने मोबाइल सर्विलांस और मैनुअल इनपुट से चारों लड़कियों को वृंदावन से बरामद किया। इसके बाद परिजनों को सौंप दिया। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि 20 तारीख की रात को साहिबाबाद निवासी विजयपाल ने लिखित तहरीर दी थी कि उनकी नाबालिग बेटी अपनी तीन सहेलियों के साथ घर से बिना बताए कहीं चली गई है।




## किस एसीपी को प्रदेश वाले साहब ने भेजी वर्थ-डे विश

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में तमाम एसीपी स्तर के अधिकारी हैं लेकिन सुनने में आया है कि एक एसीपी स्तर के साहब का मामला इस समय सुपर फाइन चल रहा है। वह वीवीआईपी कार्यक्रमों से लेकर बेहद खास आयोजनों को सफलता पूर्वक संपन्न करवा चुके हैं। वहीं सुनने मे आया है कि मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश वाले साहब ने बीते दिनों आए एसीपी के बर्थडे पर उन्हें बर्थडे विश भेजी है। बर्थडे विश भी सरकारी कागज पर और गोपनीय दस्तावेज के रूप में कार्यालय से आई है। सुनने में आया है कि जब प्रदेश वाले साहब के कार्यालय का लैटर देखा तो एसीपी को पूरा मैटर नहीं पता था। बताया गया है कि पहले तो एसीपी ने डरते हुए लैटर का पेपर हटाया और फिर अंडर वाला मैटर देखा। बताया जा रहा है कि जिस एसीपी को यह विश वाला गिफ्ट मिला है, वह इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम सिटी जोन में तैनात हैं। उनके पास पूर्व में देहात का भी सर्किल रहा है और यातायात में भी उनकी पोस्टिंग रह चुकी है। वर्किंग में फाइन और बॉडी से हिट रहने वाले एसीपी के लिए भले विश वाला कागज का टुकड़ा एक कागज नहीं बल्कि कई अधिकारियों की हार्टबीट बढ़ा चुका है। सूत्र बता रहे हैं कि वैसे तो एसीपी का जन्मदिन लगभग 10 दिन पूर्व था लेकिन पुलिस मुख्यालय से प्रदेश वाले साहब का जो बर्थडे विश ग्रीटिंग आया है वह थोड़ा लेट आया है। उसमें ना सिर्फ पुलिस का नया लोगो छपा है बल्कि बड़े अक्षरों में एसीपी का नाम भी लिखा हुआ है। प्रदेश वाले साहब के हस्ताक्षर हैं और शुभकामना संदेश भी अंकित किया गया है। उधर विभाग वाले बता रहे हैं कि सब समय-समय पर ऐसे संदेश भेजते रहते हैं लेकिन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एसीपी को मिला यह गिफ्ट उनके लिए खास बन गया है। सुनने में आ रहा है कि एसीपी साहब ने इस गिफ्ट को पूरे सम्मान और खुद को मिले एक उपहार के रूप में व्यवस्थित ढंग से रख लिया है। इसको लेकर वैसे महकमें वाले लोगों को अधिक जानकारी नहीं है लेकिन बताया जा रहा है कि इसकी चर्चा कुछ अधिकारियों के बीच में अवश्य चल रही है। बता दें कि वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 15 से अधिक एसीपी स्तर के अधिकारी हैं, जो अलग-अलग सर्किल के साथ ही प्रमुख सेल और कार्यालय की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। देखना होगा आने वाले दिनों में बर्थडे वाले गिफ्ट का यह संदेश वाला लैटर किसी अन्य अधिकारी के लिए आता है।



# नगर आयुक्त ने पांचों जोन में लगवाए स्वास्थ्य प्रशिक्षण कैंप, 4500 सफाई मित्रों का हुआ हैल्थ चेकअप

## सफाई मित्रों का उत्तम स्वास्थ्य शहर हित में जरूरी : नगर आयुक्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत लगातार गाजियाबाद नगर निगम अभियान के रूप में कार्य कर रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा इस अभियान को सफाई के साथ-साथ सफाई मित्रों के स्वास्थ्य से भी जोड़ा है। नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम में कार्य करने वाले सफाई मित्रों के स्वास्थ्य का प्रशिक्षण शहर के पांचों जोन में किया जा रहा है जिसमें स्वच्छ भारत मिशन टीम के नेतृत्व में कार्य कराया जा रहा है तथा क्षेत्रीय पार्षदों का भी सहयोग निगम को प्राप्त हो रहा है जो की सराहनीय है।

सफाई मित्रों का रूटीन चेकअप समय-समय पर गाजियाबाद नगर निगम द्वारा प्रमुखता से कराया जाता है। अभियान के रूप में इसी कार्य को बेहतर तरीके से टीम द्वारा किया जा रहा है। हर सफाई मित्र का हेल्थ चेकअप हो रहा है जिसमें अर्बन हेल्प सेंटर पर उपस्थित डॉक्टर हेल्थ चेकअप कर रहे हैं जिसमें शुगर का चेकअप, ब्लड प्रेशर का चेकअप, ब्लड की जांच व अन्य रुटीन चेकअप कराया जा रहा है। यदि कार्य करते समय सफाई मित्र को किसी प्रकार की चोट आई है तो उसका भी तत्काल उपचार कराया जा रहा है।

गाजियाबाद नगर आयुक्त द्वारा सफाई मित्रों का मनोबल बढ़ाते हुए उनका शहर में सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के साथ-साथ अपना खुद का भी ध्यान रखने के लिए कहा गया है। शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सफाई मित्रों का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है जिसके लिए सभी आंतरिक वार्डों में मुख्य चौराहों पर लगे हुए सफाई मित्रों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण जोन वार कराया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा कुशलता पूर्वक सभी का प्रशिक्षण नियमित होता रहे इसके लिए वरिष्ठ प्रभारी स्वास्थ्य अवनिंद्र कुमार अपर नगर आयुक्त को निर्देशित भी किया गया है। लगभग 4500 से अधिक सफाई मित्र हैं जिनका स्वास्थ्य प्रशिक्षण कराया गया है।

# इंदिरापुरम शुक्र चौक पर सड़क धंसी, कार चालक बाल-बाल बचा




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम न्यायखंड तीन स्थित शुक्र चौक जीडीए नर्सरी के सामने पर शनिवार दोपहर अचानक सड़क धंस गई। इंटिका कार चालक इसकी चपेट में आने से बाल-बाल बचा। सड़क धंसने से लोगों को आने जाने में परेशानी हुई। जीडीए की टीम ने बैरिकेडिंग कर दी। सीवर लाइन की लीकेज का जल्द ही मरम्मत का काम कराया जाएगा। पूर्व पार्षद कपिल त्यागी ने बताया कि सड़क किनारे सीवर लाइन पड़ी है, जो लंबे समय से लीक हो रही है। आशंका है कि इसी लीकेज के कारण धीरे-धीरे नीचे की मिट्टी कटने से सड़क धंस गई। सड़क पर दरारें पहले से पड़ी थीं। इस बारे में कई बार शिकायत की क्योंकि गंदा पानी ऊपर सड़क पर भी भर रहा था। मगर अधिकारियों ने समय रहते जरूरी कदम नहीं उठाए, जिस कारण शनिवार दोपहर को बड़ा हादसा हो सकता था। यदि सड़क की मरम्मत समय पर हुई होती तो आज इस असुविधा का सामना नहीं करना पड़ता। उन्होंने कहा कि ये भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है, इंदिरापुरम में अधिकतर सीवर की लाइनें लीकेज हैं और किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

जीडीए एक्सईएन आलोक रंजन ने बताया कि इंदिरापुरम न्यायखण्ड 3 शुक्र चौक पर सीवर की लाइन लीकेज होने के कारण सड़क धंसी है, लाइन की मरम्मत कर गड्ढे को भरवा दिया जाएगा।

## सेवा पखवाड़ा के तहत वार्ड 86 के पार्षद मदन राय ने स्वच्छता अभियान चलाया



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मनाये जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को वार्ड 86 के पार्षद मदन राय ने राजेंद्रनगर सेक्टर 5 में स्वच्छता अभियान चलाया। इस कार्यक्रम में भाजपा के मंडल अध्यक्ष बिजेंद्र भड़ाना, पार्षद मदन राय, विनोद मिश्रा, विशाल शर्मा ने स्वयं से सफाई कर झाड़ू लगाई। पार्षद मदन राय ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश स्वच्छता के प्रति कदम आगे बढ़ा रहा है। लगातार 15 दिन तक सेवा पखवाड़ा चलेगा जिसमें स्कूल-कॉलेज में जाकर छात्रों के बीच भी जन जागरूकता का कार्य किया जा रहा है।

# गाजियाबाद में ई-रिक्शा चालकों के लिए समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन

## डीएम कार्यालय में दिया ज्ञापन, एक हफ्ते का अल्टीमेटम




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में शनिवार को समाजवादी पार्टी ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करके सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई कि जिन रास्तों पर ई-रिक्शा चालकों के लिए प्रतिबंध लगाया हुआ है उनको एक हफ्ते के अंदर खोल दिया जाए।

समाजवादी पार्टी के नेताओं के मुताबिक, प्रतिबंध के बाद ई रिक्शा चालकों के परिवारों पर रोजी रोटी का संकट गहरा गया है। समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के जिला अध्यक्ष जीतू शर्मा ने ई-रिक्शा चालक संघ के लोगों के साथ जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। साथ ही सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौपा। जीतू शर्मा के मुताबिक गरीब आदमियों ने बैंक से लोन लेकर या फिर आस पड़ोस से कर्जा लेकर ई रिक्शा खरीदा है। अब रास्ता पर ई-रिक्शा प्रतिबंध लगाने से चालक बैंक की किस्त या कर्ज कहां से देगा। जिसको लेकर बैंक कर्मी और कर्जदारों द्वारा लगातार चालको को परेशान किया जा रहा है।

जीतू शर्मा के मुताबिक ई रिक्शा चालक आज भूखे मरने को मजबूर है। जीतू शर्मा के मुताबिक प्रशासन को एक सप्ताह का समय दिया गया है नहीं तो फिर आमरण अनशन किया जाएगा।

# हापुड़ में फैक्ट्री-स्कूल में आग की सूचना

## टीम पहुंची तो पता चला मॉकड्रिल था, अधिकारी बोले- इससे चुनौती का सामना करने में आसानी होगी



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में विभिन्न स्थानों पर एक साथ हुए हादसों की सूचना से जनपद में हड़कंप मच गया। अधिकारी और कर्मचारी अफरातफरी में इधर-उधर दौड़ने लगे, लेकिन बाद में पता चला कि यह सिर्फ एक मॉकड्रिल थी। ब्रहमादेवी स्कूल में भूकंप और अग्निकांड को लेकर मॉक एक्सरसाइज की गई, वहीं मैरिनो इंडस्ट्रीज में ऑनसाइट इमरजेंसी ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान फैक्ट्री में आग लगने की स्थिति में किस प्रकार से आग पर काबू पाया जाए और वहां फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला जाए, इसका अभ्यास कराया गया।

दिल्ली रोड स्थित मैरिनो इंडस्ट्रीज में मॉक ड्रिल के दौरान अचानक आग लगने का संकेत मिला। इस आग से वहां काम कर रहे मजदूरों में अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंचे सुरक्षा अधिकारी और अन्य कर्मचारियों ने तुरंत स्थिति को संभालते हुए आग पर काबू पा लिया। जैसे ही आग की सूचना आई, एसडीएम सदर शुभम श्रीवास्तव तुरंत अपनी टीम के साथ पहुंचे और फैक्ट्री में हुए हादसे की जानकारी ली। सेफ्टी ऑफिसर और प्रशिक्षित कर्मचारियों की टीम को अंदर भेजा गया। जहां यह पुष्टि हुई कि किसी भी कर्मचारी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। ब्रहमादेवी स्कूल में भूकंप और अग्निकांड को लेकर एक अलग मॉक एक्सरसाइज आयोजित की गई। अचानक स्कूल के भवनों में कंपन महसूस होते ही सभी स्टाफ और विद्यार्थी सतर्क हो गए। प्राचार्या मीनाक्षी द्वारा पहले कराए गए सुरक्षा अभ्यासों का नतीजा यह रहा कि सभी विद्यार्थी और शिक्षक तुरंत अपनी कक्षाओं और कार्यालयों से बाहर निकलकर खुले क्षेत्र में एकत्र हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के आईआरएस तंत्र को सक्रिय कर दिया गया और सभी अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

# पीएम मोदी अमेरिका के लिए रवाना; क्वाड में भाग लेंगे, यूएन शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे

**वॉशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपनी तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा पर रवाना हो गए हैं। इस यात्रा के दौरान वे वार्षिक ह्यक्वाडह्ल शिखर बैठक में शामिल होंगे और संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'समिट ऑफ द फ्यूचर' को संबोधित करेंगे। विदेश मंत्रालय ने उनकी यात्रा के बारे में मंगलवार को जानकारी दी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय दौरे पर अमेरिका रवाना हो गए हैं। प्रधानमंत्री के दौरे पर बात करते हुए अमेरिका में भारत के राजदूत और पूर्व विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने प्रधानमंत्री से जुड़ा एक किस्सा साझा किया। विनय क्वात्रा बताया कि किस तरह से पीएम मोदी ने अपनी ईमानदारी और सहजता से अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को भी अपना मुरीद बना लिया था। पढ़ें पूरी खबर



विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने गुरुवार को कहा था कि क्वाड शिखर सम्मेलन में हिंद-प्रशांत में शांति, प्रगति और स्थिरता पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्वाड नेता स्वास्थ्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, उभरती प्रौद्योगिकियों, बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और आतंकवाद रोधी क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा करेंगे। राष्ट्रपति बाइडन के गृह नगर विलमिंगटन में शनिवार को वार्षिक क्वाड शिखर सम्मेलन से हिंद-प्रशांत में सहयोग बढ़ाने की कई नयी पहलों को शुरू करने और यूक्रेन तथा गाजा में संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के तरीके तलाशने की उम्मीद है। क्वाड नेता कैंसर का रोगियों और उनके परिवारों पर प्रभाव, इस बीमारी को रोकने, पता लगाने, उपचार करने और इसे कम करने के लिए एक नई महत्वकांक्षी योजना शुरू करेंगे।

### अमेरिकी कांग्रेस में क्वाड कॉकस का गठन

अमेरिकी सांसदों के एक द्विदलीय समूह ने शुक्रवार को अमेरिकी कांग्रेस में ह्यक्वाड कॉकसह्ल के गठन की घोषणा की। क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) शिखर सम्मेलन शुरू होने से एक दिन पहले यह घोषणा की गई। कांग्रेस सदस्य अमी बेरा, रॉब विटमैन और सीनेटर टैमी डकवर्थ व पेट रिकेट्स ने क्वाड कॉकस के गठन की घोषणा की।

### व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने सिख कार्यकर्ताओं से मुलाकात की

व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने सिख कार्यकताओं के एक समूह से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया। कि अमेरिकी सरकार अपनी धरती पर किसी भी अंतरराष्ट्रीय आक्रमण से अमेरिकियों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा से पहले हुई है। जिसके दौरान वह डेलावेयर में क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' को संबोधित करेंगे। गुरुवार को व्हाइट हाउस परिसर के अंदर आयोजित इस बैठक में अमेरिकी सिख कॉकस समिति के प्रीतपाल सिंह और सिख गठबंधन और सिख अमेरिकी कानूनी रक्षा और शिक्षा कोष (रअछऊअए्र) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## समिट ऑफ द फ्यूचर की डायरेक्टर ने की पीएम मोदी की जमकर तारीफ

**न्यूयॉर्क।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय अमेरिकी दौरे पर हैं। पीएम मोदी शनिवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' में भाग लेंगे और भविष्य के शिखर सम्मेलन को संबोधित भी करेंगे। 'भविष्य का शिखर सम्मेलन' संयुक्त राष्ट्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि यूएन 2025 में अपनी स्थापना के 80वें वर्ष में प्रवेश करेगा।



'पीएम मोदी के आगमन पर हम उत्साहित हैं' 'भविष्य का शिखर सम्मेलन' की निदेशक मिशेल ग्रिफिन ने भारत की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि, भारत इस सम्मेलन में परिवर्तन की प्रमुख आवाज है। हम बेहद ही उत्साहित है कि पीएम मोदी आ रहे हैं।

## 'चीन से मुकाबले के लिए भारत-अमेरिका को मिलकर काम करने की जरूरत', क्वाड बैठक से पहले बोले सांसद थानेदार

**न्यूयॉर्क।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तीन दिवसीय अमेरिका दौरे पर पहुंचेंगे। इस दौरे में क्वाड शिखर सम्मेलन, राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ द्विपक्षीय बैठक और नैसो स्टेडियम में भारतीय समुदाय के सामने संबोधन शामिल है।

क्वाड बैठक में चीन एक प्रमुख मुद्दा होगा। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) के सामरिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने बृहस्पतिवार को कहा था कि चीन निश्चित रूप से शिखर सम्मेलन के एजेंडे में सबसे ऊपर होगा। वहीं, बैठक से पहले भारतीय मूल के सांसद श्री थानेदार ने कहा कि भारत और अमेरिका को मिलकर चीन का मुकाबला करना होगा।

### पीएम मोदी एक करिश्माई नेता: श्री थानेदार

श्री थानेदार ने कहा, ‍चीन बहुत आक्रामक होता जा रहा है और भारत व अमेरिका को मजबूत संबंध बनाने होंगे, चाहे वह प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हो या रक्षा, विज्ञान या वाणिज्य में। हमें



भारत के साथ एक मजबूत संबंध की जरूरत है। केवल एक मजबूत भारत-अमेरिकी संबंध ही चीन को आक्रामकता को रोक सकते हैं। पीएम मोदी की राष्ट्रपति बाइडन के साथ बहुत अच्छी केमिस्ट्री है। पीएम मोदी के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ भी बहुत अच्छे संबंध हैं। वह एक करिश्माई नेता हैं और अमेरिका पीएम मोदी के नेतृत्व को महत्व देता है, जो उन्होंने भारत को दिया है। मानवाधिकारों का पालन नहीं करता चीन'उन्होंने कहा, चीन का बौद्धित संपदा और तकनीकी नवाचार के प्रति कोई सम्मान नहीं है। चीन मानवाधिकारों का पालन नहीं करता और उसे आर्थिक मामलों में अनुचित लाभ हासिल है। इसलिए हमें, चीन की आक्रामकता को संतुलित करने की जरूरत है। जब भारत और अमेरिका मिलकर काम करेंगे, तो यह बहुत आशाजनक होगा। मेरा मानना है कि राष्ट्रपति बाइडन पीएम मोदी को यह बताने वाले हैं कि चाहे वह रक्षा या प्रौद्योगिकी हो या एआई या औषधीय तकनीक हो, हर क्षेत्र में मजबूत सहयोग की जरूरत है। हमें एक-दूसरे की मदद करने और दोनों देशों के लिए लोगों के लाभ के लिए मिलकर काम करना चाहिए। मिशिनग के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले श्री थानेदार ने कहा कि क्वाड शिखर सम्मेलन दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने का एक अवसर है। उन्होंने कहा, इसका एक बड़ा हिस्सा आर्थिक सहयोग है। इन चार देशों को एक-दूसरे की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना होगा।

कोरोना महामारी के दौरान सभी जगह अर्थव्यवस्था में गिरावट आई थी, लेकिन अमेरिका ने जल्द ही इन समस्याओं से बाहर निकलने में सफलता पाई।

## सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तान सरकार को दिया झटका पिछली तारीख से कानून लागू करने पर लगाई रोक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने शहबाज शरीफ सरकार को झटका देते हुए संसद द्वारा उन कानूनों को पिछली तारीख से लागू करने पर रोक लगा दी है, जिनसे लोगों के अधिकार प्रभावित होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि राष्ट्रीय या प्रांतीय असेंबली ऐसे कानून नहीं बना सकतीं, जो लोगों को संविधान में मिले मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हों।



### सरकार के इस कदम पर कोर्ट ने लगाई रोक

पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक द्वारा चुनाव आयोग को भेजे पत्र के बाद सामने आया है। इस पत्र में अयाज सादिक ने चुनाव आयोग से मांग की कि संसद ने हाल ही में चुनाव कानून में जो बदलाव किए हैं, उन्हें पिछली तारीख से लागू किया जाए। इन बदलावों के तहत निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव में जीत के बाद किसी राजनीतिक पार्टी में शामिल नहीं हो सकेंगे।

### संविधान के अनुच्छेद 8 का दिया हवाला

सरकार के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की गई। जिस पर सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ की अध्यक्षता कर रहे जस्टिस सैयद मंसूर अली शाह ने फैसले में कहा कि संविधान का अनुच्छेद 8 संसद और प्रांतीय विधानसभाओं को ऐसे किसी भी कानून को बनाने से रोकता है, जो लोगों के संवैधानिक अधिकारों को प्रभावित करते हैं। न्यायमूर्ति शाह ने कहा कि यह निषेध भावी और पूर्वव्यापी दोनों कानूनों पर समान रूप से लागू होता है। पूर्वव्यापी कानून पिछले समय की बात करते हैं और कानून बनने से पहले हुई चीजों के लिए नियमों को बदलते हैं।

ओर, भावी कानून भविष्य में लागू होने वाले नियमों के बारे में बताते हैं। दरअसल पाकिस्तान सरकार ने प्रावधान के तहत 1 जुलाई, 2010 और 20 जून, 2021 के बीच नई मशीनरी खरीदने और स्थापित करने वाले उद्योगों को 10 प्रतिशत का कर क्रेडिट देने का एलान किया था।

## चीन की 'ब्यूटीफुल गवर्नर' को 13 साल की सजा और लाखों का जुर्माना

**बीजिंग।** दक्षिणी-पश्चिम चीन की एक महिला को कदाचार के लिए 13 साल की सजा और एक मिलियन युआन यानी की 183000 अमेरिकी डॉलर (15276922.35 रुपये) जुमार्ना लगाया गया है। महिला की खूबसूरती के कारण उसे ब्लूटीफुल गवर्नर (सुंदर राज्पाल) के नाम से भी जाना जाता है। उसकी पहचान झोंग यांग के तौर पर की गई है। 52 वर्षीय झोंग पर 58 पुरुषों के साथ यौन संबंध बनाने का आरोप है। वह पुरुषों से इसके लिए रिश्वत के तौर पर 60 मिलियन युआन लेती थी। 58 पुरुषों के साथ यौन संबंध बनाने का आरोप झोंग गुइझोउ प्रांत के कियानान में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के गवर्नर और उप सचिव के रूप में काम कर चुकी है।



## 'जितनी बड़ी आपकी कार, मेरी मां का घर उतना ही बड़ा है', जब पीएम मोदी का जवाब सुन भावुक हो गए थे ओबामा

**वॉशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय दौरे पर अमेरिका रवाना हो गए हैं। प्रधानमंत्री के दौरे पर बात करते हुए अमेरिका में भारत के राजदूत और पूर्व विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने प्रधानमंत्री से जुड़ा एक किस्सा साझा किया। विनय क्वात्रा बताया कि किस तरह से पीएम मोदी ने अपनी ईमानदारी और सहजता से अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को भी अपना मुरीद बना लिया था।

### पूर्व विदेश सचिव ने साझा किया भावुक किस्सा

विनय क्वात्रा ने कहा कि 'प्रधानमंत्री मोदी के चरित्र में एक ईमानदारी है और वो उनकी बातों में साफ झलकती है'।

विनय क्वात्रा ने एक घटना को याद करते हुए कहा कि 'प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका दौरे पर आए थे और उस वक्त अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा थे...तो जब दोनों नेताओं के



बीच औपचारिक वार्ता खत्म हुई तो दोनों नेता बातचीत स्थल से करीब दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित मार्टिन लूथर किंग स्मारक जा रहे थे। दोनों नेता बराक ओबामा की लिमोजिन कार में ही सवार थे।'

विनय क्वात्रा ने बताया कि 'वह भी बतौर प्रधानमंत्री के अनुवादक कार में ही मौजूद थे। इस दौरान बराक ओबामा ने प्रधानमंत्री मोदी से उनके परिवार के बारे में बात की और पूछा कि आपकी मां कहां रहती हैं? इस पर प्रधानमंत्री ने हंसते हुए कहा कि मैं आपको बताऊंगा तो शायद आप विश्वास नहीं करेंगे, लेकिन ये सच है कि जितनी आपकी कार का ये दायरा है, मेरी माताजी इतने ही साइज के कमरे में रहती हैं।'

विनय क्वात्रा ने बताया कि 'पीएम मोदी का जवाब सुनकर बराक ओबामा हैरान रह गए क्योंकि पीएम मोदी के जवाब में उन्हें एक सच्चाई महसूस हुई।

साथ ही बराक ओबामा को अहसास हुआ कि प्रधानमंत्री ने अपने जीवन में बहुत संघर्ष किए हैं।' विनय क्वात्रा ने कहा कि 'मेरा ऐसा मानना है कि उस बातचीत के बाद बराक ओबामा और पीएम मोदी के बीच जो एक जुड़ाव हुआ, वो उस ईमानदारी के आधार पर था।'

### बराक ओबामा और पीएम मोदी के बीच रही अच्छी दोस्ती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के बीच काफी अच्छी दोस्ती रही। भारत और अमेरिका को करीब लाने में दोनों नेताओं की दोस्ती की भी भूमिका रही। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने खुद एक बार कहा था कि 'बराक और मेरे बीच दोस्ती हो गई है। हम जब फोन पर बात करते हैं।

## संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत ने फिर उठाई मांग

**न्यूयॉर्क।** काफी लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग चल रही है। भारत लगातार यूएनएसी में अपनी स्थायी सदस्यता की दावेदारी पेश करता आया है। हाल ही में



अमेरिका ने भी इसके लिए अपना समर्थन जताया था। वहीं, अब यूएन में भारत के स्थायी राजदूत पी हरीश ने भी यूएनएसी में सुधारों की प्रबल आवश्यकता बताई है। उन्होंने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का एक अहम देश है। ऐसे में सुरक्षा परिषद में उसे स्थायी सदस्यता मिलनी ही चाहिए।

यह उसका वैधानिक अधिकार भी है।

## तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के दौरान पीएम मोदी के एजेंडे में क्या? अहम बिंदुओं में जानें दौरे की अहमियत

**वॉशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय अमेरिका दौरे पर रवाना हो गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के डेलावेयर में होने वाली क्वाड की बैठक में शामिल होंगे। पीएम मोदी का अमेरिका दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब इस्राइल और हिजबुल्ला में तनाव बढ़ा हुआ है।

वहीं रूस और यूक्रेन के बीच भी हमले लगातार जारी हैं। आइए जानते हैं पीएम मोदी के अमेरिका के दौरे से जुड़ी अहम बातें-

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्थानीय समय अनुसार, सुबह 10 बजे अमेरिका के फिलाडेल्फिया पहुंचेंगे। जहां से वे डेलावेयर जाएंगे, जहां क्वाड की बैठक होनी है।

क्वाड बैठक के अलावा पीएम मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच द्विपक्षीय बैठक भी होगी। इस बैठक में पीएम मोदी के रूस और यूक्रेन दौरे और दोनों देशों के बीच शांति समझौते के प्रयासों पर चर्चा हो सकती है।




2. पीएम मोदी और जो बाइडन के बीच मुलाकात में भारत-अमेरिका के बीच अंतरिक्ष सहयोग को लेकर कोई समझौता हो सकता है। दरअसल भारत के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्जियोम-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन जा सकते हैं। साथ ही भारत और अमेरिका के बीच अरबों डॉलर के प्रीडिएटर ड्रोन समझौते पर भी बात हो सकती है।

3. क्वाड बैठक में पीएम मोदी के अलावा अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज, जापान के पीएम फुमियो किशिदा भी शामिल होंगे। इस बैठक में चीन की आक्रामकता को लेकर चर्चा हो सकती है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने बताया है कि बैठक में चीन को लेकर चर्चा होगी।

4. अपने अमेरिका दौरे के दूसरे दिन पीएम मोदी न्यूयॉर्क में भारतीय समुदाय से मुलाकात करेंगे। साथ ही प्रमुख कंपनियों के सीईओ के साथ भी मुलाकात करेंगे।

5. अमेरिका दौरे के तीसरे दिन पीएम मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में शामिल होंगे और संबोधन भी देंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को समिट ऑफ फ्यूचर नाम दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने इस पीढ़ियों में एक बार होने वाला सम्मेलन करार दिया है। 6. प्रधानमंत्री मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से इतर अन्य वैश्विक नेताओं के साथ भी द्विपक्षीय बैठक कर सकते हैं।

7. हाल ही में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि वह पीएम मोदी से अमेरिका दौरे पर मुलाकात करेंगे।

## अलगाववादियों ने न्यूजीलैंड के पायलट को किया रिहा, 19 महीनों से बना रखा था बंधक

**नई दिल्ली।** अशांत पापुआ क्षेत्र में एक साल से अधिक समय से बंधक बनाए गए न्यूजीलैंड के पायलट को अलगाववादी विद्रोहियों से छोड़ दिया। इंडोनेशिया के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। बंधक बनाए पायलट की पहचान फिलिप मार्क्स मेहरटेंस के तौर पर की गई है, जो क्राइस्टचर्च के रहने वाले हैं। वह इंडोनेशिया एविएशन कंपनी सुसी एयर के लिए काम करते हैं। अलगाववादी विद्रोहियों ने शनिवार को फिलिप को कार्टेन्ज पीस टास्कफोर्स को सौंप दिया। बता दें कि कार्टेन्ज पीस टास्कफोर्स इंडोनेशिया की सुरक्षा बल है।

टास्कफोर्स के प्रवक्ता बायु सुसेनो ने कहा, वह हमें अच्छे स्वास्थ्य के साथ मिले। उन्हें स्वास्थ्य जांच के लिए तिमिका ले जाया गया है। फ्री पापुआ मूवमेंट के एक क्षेत्रीय कमांडर एगियानस कोगोया के नेतृत्व वाली स्वतंत्रता सेनानियों ने पिछले साल सात फरवरी को फिलिप मेहरटेंस का अपहरण किया था।



कोगोया ने पहले कहा कि जब तक इंडोनेशिया सरकार पापुआ को एक संप्रभु देश बनने की अनुमति नहीं देती, तब तक वे फिलिप को रिहा नहीं करेंगे। हालांकि, इस बीच वेस्ट पापुआ लिबरेशन आर्मी ने कहा था कि वे फिलिप को एक साल तक बंधक बनाने के बाद रिहा कर देंगे।

नेयूजीलैंड सरकार ने बताया कि फिलिप मेहरटेंस, जिन्हें इंडोनेशिया के पापुआ में बंधक बनाया गया था, उन्हें अब छोड़ दिया गया है। विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने एक बयान जारी कर मेहरटेंस की रिहाई पर राहत व्यक्त की। उन्होंने कहा, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि फिलिप मेहरटेंस सुरक्षित और स्वस्थ हैं। वह अब अपने परिवार से बात करने के लिए सक्षम हैं। यह उनके परिवारवालों और दोस्तों के लिए राहत की खबर होगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि पिछले 19 महीने से सरकारी एजेंसियां फिलिप मेहरटेंस को वापस लाने के लिए इंडोनेशियाई अधिकारियों के संपर्क में थी।

## 'भारत जाना आसान, लेकिन निकलना मुश्किल', सामने आया जाकिर नाइक का डर; खुद को सबसे बड़ा आतंकी बताया

**कुआलालंपुर।** ववादित बयानों से चचाओं में रहने वाले इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक ने भारत वापसी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि उनके लिए भारत आना आसान है। लेकिन वहां से निकल पाना मुश्किल है। नाइक ने तंज भरे लहजे में कहा कि जाना तो बहुत आसान है, लेकिन निकलना मुश्किल है। जब मैं भारत जाऊंगा दो रेड कॉर्पेट बिछा दिया जाएगा और कहा जाएगा कि अंदर आओ जेल में बैठो। उनकी सूची में मैं ही नंबर वन आतंकी हूं। भारत में वांछित नाइक लंबे समय से मलयेशिया में रह रहे हैं।



नाइक एक पाकिस्तानी यूट्यूबर के पॉडकास्ट में बोल रहे थे। जिसमें उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं। नाइक ने कहा, मुझ पर काफी इल्जाम लगाए गए हैं, लेकिन एक भी साबित नहीं हो पाया है।

बांग्लादेश के हमले से शुरूआत हुई। एक जुलाई 2016 में आतंकी हमला हुआ। इसमें चार-पांच आतंकवादी शामिल थे। एक आतंकवादी मेरे फेसबुक पर फॉलोअर था। उसको तोड़-मरोड़कर कहा गया कि मुझसे प्रेरित होकर उसने आतंकवादी हमला किया। प्रेरित करने और फॉलोअर होना अलग बात होती है। मुझे वहां की सरकार ने रातोंरात मशहूर कर दिया।

पॉडकास्ट में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, अभी तो दस साल उनके बहुत अच्छे थे। इस चुनाव में लोकप्रियता कम हो गई।

उनकी पार्टी ने कहा था कि हम 400 पार करेंगे। लेकिन अल्लाह की मदद से पचास फीसदी सीट भी नहीं मिलीं। उनकी पार्टी अकेले 50 फीसदी सीट नहीं ला पाई।

फिर से प्रधानमंत्री बन गए। लेकिन उनका जो रौआब था, वह खुद को खुदा मानने लगे थे। वह कम हो गया। जब उनके पास पूर्ण बहुमत होता तो कुछ भी कर सकते थे।

## लेबनान में हुए पेजर्स धमाकों में इस भारतीय का नाम आया सामने, जांच में चौंकाने वाला खुलासा

**बुल्गारिया।** लेबनान में हाल ही में हिजबुल्ला के सदस्यों को निशाना बनाकर किए गए पेजर्स धमाकों के चलते पूरे पश्चिम एशिया का तनाव बढ़ा हुआ है। अब इसे लेकर नया खुलासा हुआ है। दरअसल इन धमाकों की जांच में एक भारतीय का नाम सामने आया है। इस भारतीय की पहचान केरल के वायनाड से ताल्लुक रखने वाले रिनसन जोस के रूप में हुई है। रिनसन जोस के पास अब नॉर्वे की नागरिकता है। लेबनान में हुए पेजर्स धमाकों में 12 लोग मारे गए थे और हजारों लोग घायल हुए थे।

### बुल्गारिया की कंपनी का स्वामित्व भारतीय मूल के व्यक्ति के पास

पेजर धमाके की जांच में पता चला है कि हिजबुल्ला को पेजर की आपूर्ति करने वालों में बुल्गारिया की एक कंपनी भी शामिल है। इस बुल्गारियाई कंपनी का स्वामित्व भारतीय मूल के रिनसन जोस के पास है। शुरूआती जांच में पता चला है कि



पेजर्स में कथित तौर पर इस्राइल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने तीन-तीन ग्राम विस्फोटक प्लांट किए थे। हिजबुल्ला ने पेजर्स सप्लाई का समझौता ताइवान की कंपनी गोल्ड अपोलो के साथ किया था। हालांकि धमाकों के बाद गोल्ड अपोलो ने कहा कि जिन एआर-924 पेजर्स में धमाके हुए, उनका निर्माण हंगरी के बुडापेस्ट स्थित कंपनी इअउ द्वारा किया गया था। गोल्ड अपोलो ने कहा कि हंगरी की कंपनी के पास उनके उत्पाद बनाने का लाइसेंस है।

अब पता चला है कि हिजबुल्ला को भेजे गए पेजर्स की आपूर्ति में बुल्गारिया की कंपनी नोर्टा ग्लोबल लिमिटेड भी शामिल थी। नोर्टा ग्लोबल लिमिटेड कंपनी रिनसन जोस की है, जिसकी स्थापना रिनसन ने साल 2022 में की थी।

हालांकि बुल्गारिया की पुलिस ने लेबनान में विस्फोट में फटे पेजर्स के बुल्गारिया में निर्माण या आयात-निर्यात की बात से इनकार किया है। बुल्गारिया पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

### कौन है रिनसन जोस

केरल के वायनाड में जन्में रिनसन जोस, कुछ साल पहले पढ़ाई के लिए नॉर्वे पहुंचे थे। रिनसन ने कुछ साल लंदन में भी बिताए और आखिरकार नॉर्वे की नागरिकता ले ली। रिनसन नॉर्वे में एक मीडिया चैनल के लिए डिजिटल कस्टमर सपोर्ट के रूप में काम कर चुके हैं।

## यूएस सीक्रेट सर्विस ने माना ट्रंप पर हमले के वक्त हुई लापरवाही

**वॉशिंगटन।** जुलाई में पेंसिल्वेनिया में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर रैली के दौरान जानलेवा हमला हुआ था। इस हमले में ट्रंप की सुरक्षा में लगे यूएस सीक्रेट सर्विस के जवानों पर लापरवाही के आरोप लगे थे। अब यूएस सीक्रेट सर्विस ने भी माना है कि उनकी तरफ से संचार संबंधी कमियां



थीं और जवानों की सतर्कता में भी कमी थी। शुक्रवार को यूएस सीक्रेट सर्विस के कार्यवाहक निदेशक रोनाल्ड रोवे ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि कुछ एजेंट्स की तरफ से लापरवाही बरती गई, जिसके कारण सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन हुआ। उन्होंने कहा कि एजेंसी के कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।




# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में रिक्त सम्पत्तियों को नीलामी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में रिक्त सम्पत्तियों को नीलामी के माध्यम से विक्रय करने हेतु दिनांक 15 अगस्त 2024 से 17 सितंबर 2024 तक एच0डी0एफ0सी0 बैंक के माध्यम से आवेदन फार्म का विक्रय किया गया था। प्राप्त आवेदन फार्मों के सापेक्ष हिन्दी भवन, लोहियानगर में दिनांक 20 सितंबर 2024 को खुली नीलामी की गयी, जिसमें गोविन्दपुरम योजना के कुल 17 भूखण्डों की नीलामी की गयी थी, जिससे प्राधिकरण को कुल रु0 20.72 करोड़ की आय प्राप्त होगी।

तत्पश्चात 21 सितंबर 2024 को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के प्रांगण में इन्दिरापुरम योजना के 11 भूखण्ड, मधुबन-बापूधाम योजना के 08 भूखण्ड, प्रताप विहार योजना का 01 भूखण्ड, शास्त्रीनगर योजना का 01 भूखण्ड, यू0पी0 बॉर्डर चिकम्बरपुर के 02 भूखण्ड व वैशाली योजना के 02 भूखण्डों की नीलामी हुई, जिससे प्राधिकरण को लगभग रु0 118.36 करोड़ की आय प्राप्त होगी। इस प्रकार दो दिवसीय नीलामी में लगभग रु0 142.00 करोड़ की आय प्राधिकरण को प्राप्त होगी। नीलामी में अपर सचिव, विशेष कार्याधिकारी, सहायक अभियन्तागण, लेखाकार, वरिष्ठ लिपिक एवं व्यवसायिक की टीम के साथ-साथ प्राधिकरण पुलिस बल की उपस्थिति में सफलतापूर्वक ड्रा सम्पादित कराया गया।

# मण्डलायुक्त सेल्वा कुमारी जे., जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह एवं सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में तहसील दिवस सम्पन्न

## तीनों तहसीलों में 175 शिकायतें दर्ज, 15 का मौके पर निस्तारण






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रत्येक माह के पहले और तीसरे शनिवार को होने वाले तहसील दिवस के मद्देनजर जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में तहसील दिवस संपन्न हुआ। मोदीनगर तहसील में मण्डल आयुक्त सेल्वा कुमारी जे. की अध्यक्षता में तहसील दिवस संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने तहसील में अधिकारियों के कार्य प्रणाली की जांच की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उनकी अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में कुल 73 शिकायत प्राप्त हुई और 05 का मौके पर निस्तारण हुआ। इस दौरान एडिशनल कमिश्नर अमित कुमार, एडीएम ई रणविजय सिंह, एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश, तहसीलदार अरुण अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

जनपद गाजियाबाद के सदर तहसील में जिला अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में तहसील दिवस आयोजित हुआ जिसमें 49 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 07 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान जिला अधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, डीसीपी सिटी राजेश कुमार चौरसिया, जीडीए सचिव राजेश सिंह, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, एसडीएम अरुण कुमार दीक्षित, तहसीलदार रवि कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

लोनी तहसील में एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में तहसील दिवस संपन्न हुआ। इस मौके पर 53 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम राजेंद्र सिंह, एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य, तहसीलदार जयप्रकाश सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

इस प्रकार जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में कुल 175 शिकायतें आई और 15 का मौके पर निस्तारण हुआ। शेष शिकायतों के लिए अधिकारियों द्वारा जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश दिए गए।

# स्टेडियम में फैली गंदगी के लिए मंत्री असीम अरुण को ज्ञापन सौंपा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजय नगर में रविवार को राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन ने असीम अरुण समाज कल्याण मंत्री उत्तरप्रदेश सरकार एवं प्रभारी मंत्री जनपद, गाजियाबाद से मुलाकात कर गाजियाबाद के महास्टेडियम के बेटमिंटन कोर्ट (बेमिंटन खेलने का हॉल) की दुर्दशा से अवगत कराया। महामाया स्टेडियम में फैली गंदगी व असुविधाओं की भी जानकारी दी और मंत्री जी को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने खिलाड़ियों को जल्द से जल्द अच्छी से अच्छी सुविधा दिलवाने की बात कही। इस मौके पर अरुण चौधरी भुल्लन ने बताया कि गाजियाबाद महामाया स्टेडियम में निर्मित बेटमिंटन कोर्ट (हॉल)की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। हाल की दीवारों का प्लस्टर टूटा पड़ा है। हॉल में पानी आने के कारण अपने भविष्य की तैयारी करने वाले बच्चों, वर्तमान खिलाड़ियों व प्रेक्टिनर्स को कई बार गंभीर चोट भी लग चुकी है। शौचालय में पानी की कोई व्यवस्था नहीं है और गंदा रहता है। बेटमिंटन कोर्ट की खस्ता हालत के बारे में अनेक बार जिला क्रीड़ा अधिकारी को अवगत कराया जा चुका है लेकिन उनके स्तर से कोई संज्ञान नहीं लिया गया। बताया कि महामाया स्टेडियम स्थित बेटमिंटन कोर्ट व्यवस्थित कराने की कृपा करें जिससे की कोर्ट में अभ्यास करने वाले किसी अभ्यर्थी, खिलाड़ी के साथ कोई अप्रिय घटना घटित न हो।

# स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत मुरादनगर में महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से संगोष्ठी आयोजित

## स्वच्छता हमारे जीवन का उद्देश्य होना चाहिए : देवेंद्र कुमार

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तथा मनसुख मांडवीया, कैबिनेट मंत्री युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में 17 सितंबर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत रविवार को मुरादनगर में महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से एक संगोष्ठी तथा स्वच्छता की विभिन्न गतिविधियों जैसे सिंगल यूज प्लास्टिक को इकट्ठा करना, गलियों में नालियों की सफाई करना लोगों में स्वच्छता के महत्व के मैसेज का प्रचार प्रसार करना तथा लोगों को जन भागीदारी के माध्यम से इस अभियान का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद के उपनिदेशक देवेंद्र कुमार ने युवाओं को टी शर्ट, कैप एवं




ग्लव्ज वितरित किए तथा उन्हें संबोधित करते हुए बताया कि स्वच्छता हमारे जीवन का उद्देश्य होना चाहिए तथा हमें जीवन की महत्वपूर्ण गतिविधियों में स्वच्छता को स्थान देना चाहिए जिससे हम स्वच्छता ही सेवा के शाब्दिक अर्थ को सार्थक बना सकें। स्वच्छता हमारे स्वभाव और संस्कार का एक हिस्सा होना चाहिए ताकि हम इसका पालन कर सकें। आने वाली पीढ़ियों को भी यह संस्कार विरासत में देना चाहिए। दुर्गेश शर्मा अध्यक्ष महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान ने सभी बालिकाओं को बताया कि हमें इस पखवाड़े में 155 घंटे अपने जीवन से निकाल कर समाज की सेवा में देने हैं ताकि हम समाज को एक स्वच्छ वातावरण प्रदान कर सकें और एक पेड़ मां के नाम लगाकर हम अपने पर्यावरण को हरा-भरा बना सकें। इसमें वर्ष आरती, मानसी, मनीषा, तान्या, निकिता, स्नेहा, मोनिका, पिंकी, सन नंदिनी आदि लड़कियों ने भाग लेकर समाज को स्वच्छ रखने में अपने योगदान को दर्शाया और लड़कियों के आगे आने का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन पूर्व युवा श्रम सेवक तालिब गाजियाबाद ने किया। कार्यक्रम के संचालन में गुंजन शर्मा तथा प्रकाश तिवारी का सहयोग रहा।

# ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन ने प्रभारी मंत्री असीम अरुण से की छेड़छाड़ करने वाले शिक्षक की शिकायत



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन के महासचिव सचिन सोनी ने समाज कल्याण विभाग मंत्री उत्तरप्रदेश सरकार व जनपद के प्रभारी मंत्री अरुण असीम से मुलाकात कर उन्हें बताया की उन्हें समाचारपत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है की उच्च प्राथमिक विद्यालय मनौली विकास खंड, मुरादनगर, जनपद गाजियाबाद में पढ़ाने वाले सहायक अध्यापक राजू स्कूल में अध्धयनरत छात्राओं के साथ छेड़छाड़, अभद्रता करता था। अध्यापक की घिनौनी हरकतों के चलते अनेकों छात्राओं ने स्कूल आना छोड़ दिया है। जानकारी में ये भी आया है की अध्यापक पूर्व में भी अनेकों घटनाएं कर चुका है। जिसके बाद भी उसके खिलाफ कार्यवाही करने के बजाए उसे अधध्यापन जैसे महत्वपूर्ण कार्य से जुडा रखा गया तथा वर्तमान प्रकरण में भी अध्यापक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के बजाए उसे निलंबित करके एक जाँच कमेटी का गठन किया गया है। जिसे की 15 दिनों में अपनी जाँच जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत करनी थी किन्तु निर्धारित समयावधि बीत जाने के बाद भी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत की है अथवा नही इसकी कोई जानकारी किसी को नही है क्योंकि ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन द्वारा प्रकरण की शिकायत बाल कल्याण समिति के समक्ष किए जाने पर समिति ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जवाब मांगा जिसे की उनके द्वारा गंभीरता से न लिए जाने पर अनुस्मारक भेजे जाने पर भी शिक्षा विभाग अपना पक्ष प्रस्तुत नही कर सका है। इतना ही नही जनपद स्तर पर पोक्सो कमेटी गठित होने के बाद भी पोक्सो कमेटी से जाँच कराए जाने के बजाए शिक्षा विभाग की कमेटी का गठन कर प्रतीत होता है की शिक्षा विभाग ऐसे व्यक्ति को बचाने की कोशिश कर रहा है जिसके व्यवहार से बच्चियों पढ़ाई तक छोड़ने का कदम उठाने के लिए मजबूर हो रही है। प्रकरण सुनने के बाद प्रभारी मंत्री ने आश्वास्त किया की बच्चियों के साथ दुव्यवहार करने वाले शिक्षक के खिलाफ कार्यवाही के साथ ही शिक्षा विभाग से भी जवाब माँगा जाएगा की जब जनपद में पोक्सो कमेटी गठित है तब कमेटी से जाँच कराने के बजाए विभागीय स्तर पर कमेटी का गठन किन कारणों से किया गया।

### देहरादून पब्लिक स्कूल का मान्यता वाला मामला पहुंचा प्रभारी मंत्री के दरबार में

करंट क्राइम। ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन के महासचिव सचिन सोनी ने जनपद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण से मुलकात कर उन्हें बताया की जनपद के स्कूलों में नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा 2009 के तहत पात्र आवेदकों को दाखिले नही दिए जा रहे है। उन्होंने बताया की अशोक नगर निवासी ललित गौतम ने नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा 2009 के तहत अपने बच्चों मानवी गौतम व कार्तिक गौतम के फार्म भरे थे जिन्हे की देहरादून पब्लिक स्कूल अशोक नगर अवंटित होने पर वो लगातार स्कूल व शिक्षा विभाग चककर काट रहे है लेकिन उनके बच्चों क दाखिले नही हो पा रहे है जबकि स्कूल ने ललित की नौकरी,उसके घर (उसके मालिक के घर जहाँ वह रहता है ) व उसके मालिकों (जहाँ ललित नौकरी करता है)की जाँच करने के बाद भी ललित के बच्चों के दाखिले नही हुए है। स्कूल ने ललित से व उसके मालिकों से ललित को दिए जाने वाले वेतन के बारे में पूछा तो ललित ने स्कूल में अवगत कराया की मैंने अपना आय प्रमाणपत्र फार्म भरते समय लगा दिया था, मेरे मालिकों ने बताया की वो मुझे आठ हजार रुपए प्रतिमाह वेतन देते है इसके बाद भी वो बार-बार ये कह कर की तेरा वेतन आठ हजार रुपए प्रतिमाह से अधिक है सरकारी आय प्रमाणपत्र, मुझे व मेरे मालिकों को झूठा साबित करने की कोशिश कर रहे है। इस संदर्भ में ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन से अनेकों बार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलकात कर जरूरतमंद बच्चों के दाखिला कराने की मांग की व उन्हें बताया की उपरोक्त स्कूल में तो एक नही कई-कई खामिया (स्कूल एक मान्यता पर चार-चार बिल्डिंगो में संचालित है, बेसिक शिक्षा विभाग से कक्षा-8 वी तक मान्यता प्राप्त होने के बाद भी स्कूल में अनैतिक तरीके से कक्षा-12 वी तक की कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, बेसिक शिक्षा विभाग से देहरादून पब्लिक स्कूल की मान्यता होने के बाद भी स्कूल भवन में आधार के नाम से अन्य संस्था द्वारा कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है।

# देश के सर्वांगीण विकास में भाजपा का अहम योगदान : चौधरी मनवीर पवार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व महामंत्री किसान मोर्चा गाजियाबाद व अध्यक्ष केंद्रीय उपभोक्ता भंडारण चौधरी मनवीर पवार ने कहा कि देश के सर्वांगीण विकास में भारतीय जनता पार्टी का अहम योगदान है। भारतीय जनता पार्टी सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित एक राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार जाति या धर्म वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं को जोड़ने वाला सूत्र है। यह प्राथमिक सदस्यता के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़ एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्वपटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्प है। भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को और अधिक मजबूत करना है। भाजपा अपने पार्टी सदस्यों के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है।

# हर भारतवासी राष्ट्र को सशक्त बनाने में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करे : राजू पांचाल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संयोजक लघु उद्योग प्रकोष्ठ के राजू पांचाल ने निरन्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश के सभी 19 जिलों के संयोजक एवं सहसयोजकों को 5000 सदस्यता हर जिले में बनाने का लक्ष्य शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार दिया। साथ ही स्वयं भी लगातार इस कार्य में प्रयासरत हैं। राष्ट्र निर्माण के लिए सभी भारतवासी भाजपा का सदस्य बनकर राष्ट्र को सशक्त करने में भागीदार बने।

# ईश्वर भक्ति में है जीवन का सच्चा आनंद : आचार्य मनीष पंडित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रबंधक हिंडन मोक्ष धाम गाजियाबाद एवं अध्यक्ष धार्मिक रामचंद्र सीता देवी हरनंदी सेवा संस्थान ने कहा कि जिसे भगवान पर अटल विश्वास है वही भगवान की भक्ति करता है और अंततः जीवन भक्ति मार्ग पर टिका रहता है। भक्ति राजमार्ग है जिस पर चलकर भगवत दर्शन का अलौकिक सुख मिलता है। जिसे भगवत दर्शन का सुख प्राप्त होता है वह संसार के किसी भी सुख के पीछे नहीं भागता।

जीवन में जब कल्याण के समस्त मार्ग बंद दिखते हैं तो भक्ति मार्ग से जीवन के स्थान व सुरक्षा का मार्ग प्रशस्त होता है। भक्ति जीवन का असली धर्म है। भक्ति से भक्त का उद्धार और बेड़ा पार होता है। भक्ति जीवन हेतु कल्याणकारी है। भक्ति शाश्वत पुण्य की कुंजी है। मानव जीवन सुख व आनंद हेतु मिला है जो सुख आनंद भक्ति में है वह संसार में अनंत कहीं नहीं। जो भक्त भक्ति की गंगा में डुबकी लगाता है उसका जीवन धन्य बनता है।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला, भाजपा नेताओं ने लगाए मुर्दाबाद के नारे





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी लगातार राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं और जगह-जगह राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। इसी कड़ी में शनिवार को ओबीसी मोर्चा उत्तर प्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी सौरभ जयसवाल के द्वारा 11:30 बजे घंटाघर स्थित शहीद भगत सिंह की मूर्ति के पास राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। इस दौरान ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों ने राहुल गांधी की लगातार की जा रही गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी की निंदा करते हुए नारेबाजी की। ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि राहुल गांधी जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी और आरक्षण के मुद्दे को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं, इससे भारत की छवि खराब हो रही है, हम भारत की छवि नहीं बिगड़ने देंगे।

# जेएमएस फार्मेसी कॉलेज गाजियाबाद ने कराया औद्योगिक भ्रमण आयोजित








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जेएमएस फार्मेसी कॉलेज गाजियाबाद ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड तनवी गौर के निर्देशन में एक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण के दौरान संस्थान के छात्र-छात्राओं को याकुल्ट डेनोन इंडिया प्रा. लि. (सोनीपत, हरियाणा) कंपनी का दौरा करने का अवसर मिला। औद्योगिक भ्रमण के दौरान अध्यापक सौरव शर्मा, अजहरुद्दीन और प्लेसमेंट हेड तनवी गौर के साथ सभी छात्र-छात्राएं बस से याकुल्ट कंपनी, सोनीपत पहुंचे, जहां एचआर मैनेजर महक गर्ग ने सभी का स्वागत और पंजीकरण किया।

इस औद्योगिक भ्रमण में हाजरा अल नूर, दिव्या चौहान, जसदीप सिंह, आबान और शिवम शर्मा ने विशेष रूप से भाग लिया और अपनी सक्रियता से अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरित किया।

# दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Arvind Chaudhary Chintu
1h ·

माँ ❤️ को शब्दों में बांध पाना असंभव है, वह ममता का वो सागर है जिसमें भावनाएं हिलोरे लेती रहती हैं.



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मां को प्रथम देवता कहा जाता है। मां शब्द में परिवार और संस्कार सिमट जाते हैं। मां प्रथम पाठशाला है और मां वो जज्बा है जिसे शब्दों में बांध पाना असम्भव है। पूर्व पार्षद अरविंद चौधरी चिंटू ने अपनी मां के लिए अपने जज्बातों को अपनी फेसबुक पोस्ट से साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।